दैनिक
रेवांचल टाइम्स
निष्पक्ष, निर्भीक एवं सत्य का प्रवर्तक

Revanchal Times
7509202320
@revanchal_times
revanchaljabalpur@gmail.com
revanchaltimes_

■ वर्ष - 10 ■ अंक - 192 ■ मंडला, रविवार 27 सितम्बर 2026 ■ पृष्ठ-8 ■ मूल्य-1 रूपये ■ विक्रम संवत् 2083 ■ www.revanchaltimes.com RNI. Reg. No MPHIN/2016/69877

सुविचार

अहसास के साथ आप जो कुछ भी यकीन करते हैं वही आपकी हकीकत बन जाती है।

“ ब्रायन ट्रेसी ”

भारत को एक दिन में कबड्डी के दो गोल्ड

एशियन गेम्स में महिला और पुरुष टीमें चैंपियन, दोनों ने फाइनल में ईरान को हराया





नागोया। भारत ने एशियन गेम्स में एक ही दिन कबड्डी के दोनों गोल्ड जीत लिए। महिला टीम ने फाइनल में ईरान को 37-34 से हराया। इसके बाद पुरुष टीम ने भी ईरान को 40-34 से हराकर गोल्ड अपने नाम किया। शनिवार को पुरुष टीम ने एशियन गेम्स में लगातार 10वीं बार मेडल जीता। महिला टीम ने लगातार 5वें एशियाड में मेडल हासिल किया। कबड्डी के अलावा स्क्वॉश में 18 साल की अनाहत सिंह विमेंस सिंगल्स के फाइनल में पहुंचीं। अभय सिंह ने मेंस सिंगल्स के फाइनल में जगह बनाई। यह पहली बार है जब एशियन गेम्स में भारत के दो खिलाड़ी सिंगल्स कैटेगरी के फाइनल में पहुंचे हैं।

हाफटाइम में पीछे था भारत, दूसरे हाफ में पलटा मैच : ईरान ने पहले हाफ के आखिर में बढ़त बना ली और ब्रेक तक स्कोर 18-17 उसके पक्ष में था। दूसरे हाफ की शुरूआत में भी ईरान ने दबाव बनाए रखा, लेकिन भारत ने धीरे-धीरे मैच का रुख बदल दिया। सुमित ने डिफेंस में लगातार अहम टैकल किए, जबकि अर्जुन देशवाल ने रेडिंग में अंक जुटाए। भारत ने 21-21 की बराबरी के बाद बढ़त बनानी शुरू की।आखिर में भारत ने 40-34 से जीत दर्ज कर गोल्ड मेडल अपने नाम कर लिया।

महिला टीम ने भी ईरान को हराया

महिला कबड्डी टीम ने ईरान को 37-34 से हराकर गोल्ड जीता था। भारत ने मुकाबले में कई मौकों पर बढ़त बनाई, लेकिन ईरान ने वापसी की कोशिश जारी रखी। आखिरी मिनटों में भारतीय डिफेंस ने बढ़त बनाए रखी और मैच 37-34 से अपने नाम किया।

टीएमसी विधायक कुणाल घोष की कार पर हमला

ममता की रैली में जाते समय अंडे फेंके, शीशा तोड़ा; 4 महीने में तीसरी बार हमला हुआ



कोलकाता। पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में शनिवार को टीएमसी विधायक कुणाल घोष की कार पर हमला हुआ। घोष श्रीरामपुर में ममता बनर्जी की रैली में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान उत्तरपाड़ा में भीड़ ने उनकी गाड़ी को चारों तरफ से घेर लिया और अंडे फेंके। विधायक के ऑफिस की तरफ से पर घटना का वीडियो पोस्ट किया गया है। वीडियो में कुणाल घोष ड्राइवर के बगल वाली सीट पर बैठे दिखाई दे रहे हैं। पीछे की सीट पर भी कुछ लोग बैठे थे, जो वीडियो बना रहे थे। हमले में कार का पीछे का शीशा भी टूट गया। टीएमसी नेताओं ने घटना के पीछे बीजेपी के शामिल होने का आरोप लगाया है। पिछले 4 महीने के दौरान घोष पर हमले का यह तीसरा मामला है। इससे पहले 13 सितंबर को उनके घर और ऑफिस में तोड़फोड़ हुई थी। 15 जून को लोगों ने उनके सिर पर अंडा फेंका था।

कुणाल घोष बोले- यह जंगलराज है : घटना पर कुणाल घोष ने कहा- यह जंगलराज है। मेरी कार पर पत्थर और अंडे फेंके गए और रास्ता रोक दिया गया। वहां कोई पुलिसकर्मी मौजूद नहीं था। उन्होंने कहा कि वह कोलकाता लौट रहे हैं और सीधे लालबाजार या भवानी भवन जाकर शिकायत दर्ज कराएंगे। TMC ने BJP पर हमले का आरोप लगाया है। पार्टी नेता असित मजूमदार ने कहा- यह आम लोगों का प्रदर्शन नहीं, बल्कि इखढ का पहले से सुनियोजित हमला था। वहीं, उत्तरपाड़ा से टीएमसी विधायक दीपांजन चक्रवर्ती ने कहा कि यह लोगों का गुस्सा था।

गणेश पंडाल में करंट से 4 की मौत

3 की हालत गंभीर; प्रतिमा विसर्जन के बाद 8 युवक पंडाल में सोए थे



मंडला। मंडला के नैनपुर क्षेत्र के हीरापुर गांव में शनिवार सुबह हादसा हुआ। गणेश मंच के पंडाल में सो रहे युवकों पर बिजली का तार टूटकर गिर गया। करंट फैलने से चार युवकों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हुए हैं। इनमें एक की हालत गंभीर है, जिसे जिला अस्पताल भेजा गया है। मृतकों में रवि झरिया (24), पिता कल्लू झरिया, ग्राम कोटवार का बेटा था और मजदूरी करता था। जेनू भांवरे (19), पिता मुकेश भांवरें, मजदूरी करता था। कृष्ण कुमार भांवरे (18), पिता दिलीप, पढ़ाई के साथ मजदूरी करता था। वहीं वीरेंद्र भांवरे (24), पिता सोनू, भी मजदूरी करता था।

शनिवार की सूबह 5:30 बजे एम्प्लीफायर में हुई स्पार्किंग : हादसे में घायल मौसम भावरे ने बताया कि शाम को गणेश प्रतिमा विसर्जन के बाद सभी दोस्त मंच के पास सो गए थे। सुबह करीब 5:30 बजे अचानक एम्प्लीफायर में स्पार्किंग हुई और सभी को करंट लग गया। मौसम के मुताबिक, सभी युवक एक लाइन में सो रहे थे, इसलिए किसी को कम तो किसी को ज्यादा करंट का झटका लगा। वह सबसे आखिरी में सोया था, इसलिए उसे कम झटका लगा। जिन चार युवकों की मौत हुई, वे सबसे आगे सोए थे। उन्हें उठाने की कोशिश में मौसम को भी करंट का झटका लगा।

तेज हवा और बारिश के बाद शॉर्ट सर्किट की आशंका : हीरापुर गांव के सरपंच प्रेमचंद भावरे ने बताया कि सुबह तेज हवा के साथ बारिश हुई थी। पानी के कारण शॉर्ट सर्किट हुआ होगा। बिजली का तार ग्रिल से टकरा गया, जिससे करंट फैल गया। सुबह दो युवकों ने पूरे गांव को हादसे की जानकारी दी।

मंत्री संपतिया उइके ने परिवारों से की मुलाकात : हादसे की सूचना मिलते ही मंत्री संपतिया उइके मौके पर पहुंचीं। पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने बताया पीड़ित परिवारों को 5-5 हजार रुपए दिए गए हैं। तीन दिन में 4-4 लाख रुपए की राहत राशि भी उपलब्ध कराई जाएगी। घायल बच्चे के परिवार को 1.5 लाख रुपए मुआवजा दिया जाएगा। उइके ने बताया- कुछ पीड़ित परिवार ऐसे हैं, जिनमें माता-पिता दोनों दिव्यांग हैं। परिवार में एक ही संतान है। ऐसे परिवारों के एक-एक सदस्य को आउटसोर्स के जरिए रोजगार देने पर प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की ओर से विचार किया जा रहा है।

शाम को विसर्जन के बाद पंडाल में सोए थे युवक: एसडीओपी नैनपुर मनीष राज के अनुसार, समिति के सदस्य सुबह करीब 4 बजे गणेश प्रतिमा का विसर्जन कर लौटे थे। इसके बाद झांकी में रखे सामान की रखवाली के लिए 8 युवक पंडाल में ही सो गए थे। इसी दौरान सुबह हादसा हुआ। उन्होंने बताया- मृतकों के शवों का पोस्टमॉर्टम कराया गया, जिसके बाद उन्हें परिजन को सौंप दिया गया। पंडाल पक्का बना हुआ है। बिजली का तार टूटने या शॉर्ट सर्किट से करंट फैलने की आशंका है। मामले की जांच की जा रही है।

यूपी में 48 घंटे से आंधी-बारिश, 13 मौतें

अर्नब चक्रवात का असर, राजस्थान-एमपी समेत 14 राज्यों में भी अलर्ट; चारधाम यात्रा रोकी गई



नई दिल्ली। अर्नब चक्रवात के असर से उत्तर प्रदेश, बिहार समेत 8 राज्यों में तेज बारिश हो रही है। बंगाल की खाड़ी में बना मौसमी सिस्टम अब दक्षिण छत्तीसगढ़ से उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ रहा है। इसके चलते राजस्थान-मध्य प्रदेश समेत 14 राज्यों में अलर्ट जारी किया गया है। उत्तर प्रदेश में करीब 48 घंटे से लगातार बारिश हो रही है। 40-50 किमी/घंटे की हवाएं चल रही हैं। अगल-अलग हादसों में 13 लोगों की मौत हो चुकी है। 32 जिलों में बाढ़ का खतरा है। लखनऊ के कई इलाकों में सड़कों पर तीन फीट तक पानी भर गया है। घरों के अंदर पानी घुस गया है। आंधी में पड़े गिर गए हैं। कन्नौज में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर आंधी-बारिश से कार पलट गई। कार में पांच लोग फंस गए। बिहार में सुपौल के 50 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। 19 जिलों में यलो अलर्ट है। बारिश से जुड़ी घटनाओं में 3 लोगों की मौत हुई है। उत्तराखंड में चमोली के हेमकुंड साहिब, बद्रीनाथ में बर्फबारी हुई है। पिथौरागढ़-घाट सड़क पर लैंडस्लाइड के कारण 300 से ज्यादा गाड़ियां फंस गई हैं। चारधाम यात्रा दो दिनों के लिए रोक दी गई है।



जोधपुर में उतरे दुनिया के शक्तिशाली लड़ाकू विमान

जोधपुर, एजेंसी। जोधपुर के आसमान में आज दुनिया के खतरनाक लड़ाकू विमानों ने उड़ान भरी। युद्धाभ्यास 'तरंग शक्ति-2026इ शनिवार से शुरू हो गया। 12 अक्टूबर तक जोधपुर एयरबेस चलने वाले युद्धाभ्यास में भारत समेत 8 देशों की वायु सेनाओं के जवान हिस्सा ले रहे हैं। इस एक्सरसाइज में शामिल होने के लिए 32 ऑब्जर्वर और लगभग 100 एयरक्राफ्ट यहां पहुंचे हैं। इसमें 3,000 से ज्यादा एयर वॉरियर्स ने भाग ले रहे हैं। खास तौर से राफेल, तेजस, सुखोई 30 एमकेआई, पांचवीं पीढ़ी का एफ 35, एफ 16 और हवा में ईंधन भरने वाले एयरक्राफ्ट (एयर-टू-एयर रिफ्यूलर) जैसे कई विमान एक साथ ऑपरेशनल क्षमता का प्रदर्शन करेंगे।

जहरीली शराब से 19 लोगों की मौत, मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित

नई दिल्ली, एजेंसी। नागालैंड के मोकोकचुंग और तुएनसांग जिलों में कथित जहरीली शराब पीने से 19 लोगों की मौत हो गई है। मामले की जांच और शराब की सप्लाई चेन का पता लगाने के लिए पुलिस ने एसआईटी का गठन किया है। पुलिस ने छापेमारी कर 19 लोगों को गिरफ्तार किया है और करीब 3,000 बोतल शराब जब्त की है। नागालैंड में पिछले दो दिनों में कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई है। पुलिस ने इन मौतों की जांच करने और राज्य में मिलावटी शराब की सप्लाई चेन का पता लगाने के लिए एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) बनाई है। बता दें कि राज्य में 1990 से शराब पर पाबंदी लागू है। पुलिस ने बताया कि कथित अवैध शराब पीने से मोकोकचुंग जिले में आठ और तुएनसांग जिले में 11 लोगों की मौत हुई है। सीनियर सुपरिटेंडेंट ऑ$फ पुलिस वेसुप्रा केजो ने शनिवार को कहा कि संदिग्ध मिलावटी शराब से हुई मौतों की जांच करने और शराब के स्त्रोत व सप्लाई चेन का पता लगाने के लिए एडिशनल सुपरिटेंडेंट ऑ$फ पुलिस आई. बुंगलांग चांग की अध्यक्षता में एक एसआईटी का गठन किया गया है। मौत की वजह का पता लगाने के लिए पुलिस ने सैंपल फोरेंसिक जांच के लिए गुवाहाटी भेजे हैं। केजो ने कहा हमें कुछ सुराग मिले हैं, लेकिन अभी उनके बारे में जानकारी देना जल्दबाजी होगी। इन मौतों के बाद पुलिस ने कई जगहों पर छापेमारी की, 19 लोगों को गिरफ्तार किया और लगभग 3,000 बोतल शराब जब्त की। पुलिस ने लोगों को सलाह दी है कि वे ऐसी शराब न पिएं जिसकी पहचान न हो, जिस पर कोई लेबल न हो या जो अवैध होने का शक पैदा करे। उन्होंने यह भी कहा कि शराब पीने के बाद अगर किसी को चक्कर आना, धुंधला दिखना, सांस लेने में तकली$फ या बेहोशी जैसे लक्षण महसूस हों, तो वे तुरंत डॉक्टर से मिलें।

तेलंगाना: गणेश विसर्जन के दौरान अलग-अलग हादसों में सब-इंस्पेक्टर समेत 13 की मौत, 26 घायल



हैदराबाद। तेलंगाना में गणेश उत्सव के समापन पर आयोजित विसर्जन समारोहों के दौरान राज्य के अलग-अलग हिस्सों में हुए विभिन्न हादसों में 13 लोगों की जान चली गई, जबकि 26 अन्य लोग घायल हो गए। इसकी जानकारी तेलंगाना के डीजीपी सी.वी. आनंद ने दी है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) सी.वी. आनंद ने पुष्टि की कि विसर्जन कार्यक्रमों के दौरान राज्य भर में कुल 13 लोगों की असमय मौत हुई है, जिनमें ड्यूटी पर तैनात एक पुलिस सब-इंस्पेक्टर भी शामिल हैं। इसके अलावा 26 लोग घायल हुए हैं, जिनका उपचार विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है। हालांकि, ये हादसे डूबने, बिजली के करंट या किसी अन्य तकनीकी कारण से हुए, इस पर पुलिस की ओर से विस्तृत रिपोर्ट आना अभी बाकी है। गणेश उत्सव के अंतिम दिन राज्य भर के प्रमुख जलस्रोतों, झीलों और कृत्रिम तालाबों पर विसर्जन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी थी। प्रशासन ने शांति बनाए रखने, यातायात को सुचारू रखने और भीड़ प्रबंधन के लिए बड़े पैमाने पर पुलिस बल की तैनाती की थी। इन कड़े सुरक्षा इंतजामों के बावजूद कुछ जगहों पर अप्रत्याशित घटनाएं घट गईं। डीजीपी ने इस वर्ष उत्सव के दौरान स्थापित की गई गणेश प्रतिमाओं से जुड़े आंकड़े भी साझा किए। आधिकारिक रूप से सार्वजनिक पंडालों में लगभग 1.24 लाख प्रतिमाएं दर्ज की गई थीं। इसके अलावा यदि निजी आवासों, अपार्टमेंट्स और गेटेड कम्युनिटीज में विराजे गणपति को भी शामिल कर लिया जाए, तो पूरे राज्य में यह संख्या लगभग 3.5 लाख से 4 लाख के बीच हो सकती है।

नागपुर-मुंबई दुरंतो पर पत्थरबाजी, शीशा टूटने से यात्री घायल

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय रेलवे में यात्रियों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। शुक्रवार की रात नागपुर से मुंबई जा रही सुपरफास्ट नागपुर-मुंबई दुरंतो एक्सप्रेस पर अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा पत्थरबाजी की खतरनाक घटना सामने आई है। इस हमले में ट्रेन की खिड़की का शीशा टूट गया, जिससे कोच के अंदर बैठा एक यात्री मामूली रूप से घायल हो गया। घटना के बाद ट्रेन को वर्धा स्टेशन पर रोका गया और करीब आधे घंटे तक उसकी जांच की गई। जांच के बाद ट्रेन मुंबई के लिए रवाना हो गई। इस बीच, पुलिस जांच कर रही है कि असल में पत्थर किसने फेंके थे। पिछले साल नवंबर में, एटा जिले के चमन नगरिया गांव में दो गुटों के बीच मोबाइल फोन को लेकर हुए झगड़े की सूचना पर पहुंचे एक पुलिस कॉन्स्टेबल और एक होम गार्ड जवान पर अचानक पत्थरबाजी हुई, जिससे वे घायल हो गए।

मां रेवा पब्लिकेशन एंड प्रिंटर्स
जबलपुर शहर में सबसे कम दामों में
समाचार पत्र के A to Z कार्य का एकमात्र स्थान
प्रिंटिंग
जॉब वर्क
न्यूज पेपर
पीडीएफ
संपर्क करें
7415685293
9589490996
9340553112
68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड, मुस्कान प्लाजा के पीछे, एम आर 4 रोड, उखरी, जबलपुर (मप्र)

बोला- लेटर मिलने तक टैक्स लेंगे, मंत्री का आदेश दिखाओ

गडकरी बोले- टोल बंद करो, शहपुरा में फिर भी वसूली : टोलकर्मी का वीडियो वायरल



दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर। जबलपुर-भोपाल मार्ग के शहपुरा टोल प्लाजा पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के टोल बंद करने के निर्देश के बावजूद शनिवार को वाहन चालकों से शुल्क वसूला गया। इसका वीडियो सामने आया है। इसमें टोलकर्मी कहता नजर आ रहा है कि जब तक उसे लिखित आदेश नहीं मिलता, तब तक किसी वाहन को टोल से छूट नहीं दी जाएगी और शुल्क लिया जाएगा।

राकेश सिंह ने गडकरी का जताया था आभार

मध्यप्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ह्यएक्सह्न पर पोस्ट कर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का आभार जताया था। उन्होंने बताया था कि शहपुरा रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) क्षतिग्रस्त होने से लोगों को हो रही परेशानी को देखते हुए गडकरी ने टोल नाका तत्काल बंद करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

25 दिन पहले भी दिए थे टोल बंद करने के निर्देश

इसके करीब 24 घंटे के भीतर ही टोल प्लाजा पर वसूली जारी होने का वीडियो सामने आ गया। शहपुरा टोल पर यह पहली बार नहीं है, जब बंद करने के निर्देश के बावजूद वसूली का मामला सामने आया है। करीब 25 दिन पहले लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने भोपाल में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में शहपुरा टोल बंद करने के निर्देश दिए थे। उस समय जबलपुर-भोपाल मार्ग पर यातायात डायवर्ट किया गया था। इसके बावजूद टोल ठेकेदार ने वसूली जारी रखी थी। ठेकेदार ने कहा था कि ठल्लअककी ओर से उसे टोल बंद करने का लिखित निर्देश नहीं मिला है।

400 करोड़ के ब्रिज का हिस्सा धंसने से बदला ट्रैफिक

जबलपुर-हिरन नदी मार्ग पर करीब 400 करोड़ रुपए की लागत से बना शहपुरा ओवरब्रिज फरवरी 2026 में क्षतिग्रस्त होकर धंस गया था। इसके बाद सुरक्षा के मद्देनजर यातायात को वैकल्पिक मार्ग पर डायवर्ट किया गया। कुछ दिनों बाद यह वैकल्पिक रास्ता भी क्षतिग्रस्त हो गया। इसके कारण जबलपुर आने-जाने वाले वाहनों को पाटन होकर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है, जिससे यात्रियों का समय और सफर दोनों बढ़ गए हैं। लोगों की परेशानी को देखते हुए लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने 22 सितंबर को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर शहपुरा आरओबी का काम पूरा होने तक टोल वसूली स्थगित करने का अनुरोध किया था। पत्र में उन्होंने बताया था कि आरओबी के एप्रोच में क्षति के कारण सुरक्षा की दृष्टि से यातायात को वैकल्पिक मार्ग पर डायवर्ट किया गया है। इसी आधार पर उन्होंने टोल वसूली रोकने का आग्रह किया था। अब गडकरी की मंजूरी की जानकारी सामने आने के बावजूद शहपुरा टोल पर वसूली जारी रहने का वीडियो सामने आया है। वीडियो में टोलकर्मी का कहना है कि लिखित आदेश मिलने तक शुल्क वसूला जाएगा।



2 युवकों को मारी गोली, एक की मौत:बाइक सवार हमलावरों ने 3-4 राउंड फायरिंग की

दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर। जबलपुर के भोलानगर में शनिवार शाम बाइक सवार हमलावरों ने 2 युवकों को गोली मार दी। मौके पर ही एक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान प्रेमसागर निवासी करण पावड़े के रूप में हुई है। घटना के समय करण अपने साथी के साथ खड़ा था। इसी दौरान बाइक सवार हमलावर पहुंचे और 3-4 राउंड फायरिंग कर दी।

जमीन पर पड़ा मिला करण

स्थानीय लोगों के मुताबिक, हमलावरों के भागने के बाद करण जमीन पर पड़ा मिला। एम्बुलेंस से उसे विक्टोरिया अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया।

बिना बात किए गोली चलाने का आरोप

पुलिस के मुताबिक, शनिवार शाम करीब 5 बजे करण पावड़े अपने साथी के साथ खड़ा था। इसी दौरान बाइक से दो अज्ञात युवक पहुंचे और बिना किसी से बात किए करण पर गोली चला दी। गोलियों की आवाज सुनते ही चौराहे पर भगदड़ मच गई। घटना की सूचना मिलते ही हनुमानताल पुलिस और प्रेमसागर चौकी की टीम मौके पर पहुंची। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, दो बाइक पर चार लोगों के आने की बात सामने आई है, जबकि फायरिंग करने वाले दो अज्ञात युवक थे।

घायल साथी का निजी अस्पताल में इलाज

फायरिंग में करण के साथ मौजूद दूसरा युवक भी घायल हुआ है। पुलिस ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। उसकी हालत गंभीर बताई गई है। पुलिस ने चौराहे और आसपास लगे उउळश कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। पुलिस मृतक के परिजन और परिचितों से भी पूछताछ कर रही है। हत्या की वजह और वारदात में शामिल लोगों का पता लगाया जा रहा है। हमलावरों की पहचान के लिए पुलिस उउळश फुटेज और अन्य जानकारी जुटा रही है।

10 हजार जुमार्ने के साथ अंतिम अवसर

जबलपुर कलेक्टर को होना पड़ेगा हाई कोर्ट में उपस्थित

दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर। हाई कोर्ट ने सीलिंग भूमि से जुड़े मामले में पिछले दो साल से जवाब पेश करने के लिए लगातार मोहलत मांग रही राज्य सरकार पर ने सख्ती दिखाई है।

जुमार्ने के साथ एक सप्ताह में जवाब देना होगा

न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने शासन को 10 हजार रुपये के जुमार्ने के साथ एक सप्ताह में जवाब पेश करने का अंतिम अवसर दिया है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि निर्धारित अवधि में जवाब पेश नहीं हुआ और जुमार्ना राशि जमा नहीं की गई तो अगली सुनवाई पर जबलपुर कलेक्टर को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना पड़ेगा।

जुमार्ने की राशि खाते में जमा कराने के निर्देश

जुमार्ने की राशि संबंधित आफिसर इंचार्ज से वसूल कर हाई कोर्ट बार एसोसिएशन, जबलपुर के खाते में जमा कराने के निर्देश भी दिए गए हैं। मामला जबलपुर निवासी मुन्नालाल पटेल की ओर से वर्ष 2024 में दायर किया गया था। उनकी ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने पक्ष रखा। प्रकरण सीलिंग अधिनियम समाप्त होने के बावजूद आवेदक की भूमि के राजस्व अभिलेख दुरुस्त नहीं किए जाने से संबंधित है।



किसी प्रकार का मुआवजा भी प्राप्त नहीं किया था- आवेदक का कहना है कि सीलिंग अधिनियम समाप्त होने की तिथि पर संबंधित भूमि पर उसका कब्जा था और उसने किसी प्रकार का मुआवजा भी प्राप्त नहीं किया था। अधिनियम की धारा-चार के अनुसार सीलिंग प्रभावित खसरों से उसका नाम हटाकर भूमि स्वामी के रूप में दर्ज किया जाना था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। इसके चलते राजस्व अभिलेखों में अब भी सरकार का नाम दर्ज है और आवेदक अपनी भूमि का इच्छानुसार उपयोग नहीं कर पा रहा है। अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय के अनुसार मूल प्रकरण वर्ष 1990 से विभिन्न न्यायालयों में चला आ रहा है। वर्ष 2024 में इसे हाईकोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

आवेदक की ओर से इसका कड़ा विरोध किया गया

पिछले दो वर्षों में पांच सुनवाइयों के दौरान शासन की ओर से जवाब प्रस्तुत करने के लिए समय लिया गया, लेकिन जवाब दाखिल नहीं किया गया। मामले की सुनवाई के दौरान शासन की ओर से एक बार फिर जवाब पेश करने के लिए समय मांगा गया। आवेदक की ओर से इसका कड़ा विरोध किया गया।

जबलपुर के दीपक ने वृंदावन में दी जान:संत प्रेमानंद से एक साल पहले ली थी दीक्षा



दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर। वृंदावन में संत प्रेमानंद के शिष्य ने शुक्रवार को चौथी मंजिल से कूदकर जान दे दी। मृतक की पहचान मध्यप्रदेश के जबलपुर निवासी रसिक दुलारी उर्फ दीपक लोधी के रूप में हुई है। करीब एक साल पहले उन्होंने संत प्रेमानंद के आश्रम में दीक्षा ली थी और तभी से वृंदावन में रह रहे थे। घटना के बाद वृंदावन पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। शुरूआती जांच में पुलिस इसे आत्महत्या का मामला मान रही है। जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार सुबह उत्तर प्रदेश के धार्मिक नगर वृंदावन में यह घटना हुई। दीपक ने करीब एक साल पहले संत प्रेमानंद से दीक्षा ली थी, जिसके बाद उनका नाम बदलकर ह्यरसिक दुलारी शरणह्न रख दिया गया था। वह वृंदावन के बाराहघाट क्षेत्र की राधावाटिका गली स्थित ह्यगुरुकृपा कुंजह्न अपार्टमेंट में रहते थे। यहां संत प्रेमानंद के करीब 50 अन्य शिष्य भी रहते हैं। दीपक आश्रम में बिजली मिस्त्री के रूप में सेवा दे रहे थे।

चौथी मंजिल से नीचे गिरे, अस्पताल में मृत घोषित

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चौथी मंजिल से गिरने के बाद दीपक करीब आधे घंटे तक घटनास्थल पर ही पड़े रहे। इसके बाद आश्रम प्रबंधन से जुड़े लोग उन्हें निजी वाहन से अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पुलिस और प्रशासन को करीब चार घंटे बाद दोपहर 2 बजे मिली। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली है।

कमरे से ग्राइंडर मिला

पुलिस को मृतक के कमरे से टाइल्स काटने वाला ग्राइंडर भी मिला है। इससे आशंका जताई जा रही है कि नीचे कूदने से पहले उन्होंने खुद को गंभीर रूप से घायल किया था। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज, अस्पताल के रिकॉर्ड और घटनास्थल से मिले अन्य साक्ष्यों के आधार पर घटना की वजह पता करने में जुटी है।

पुलिस बोली- शुरूआती जांच में आत्महत्या का मामला

वृंदावन सीओ संदीप सिंह ने बताया कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई है। इनमें दीपक उर्फ रसिक दुलारी शरण सामान्य रूप से अपने कमरे की ओर जाते दिखाई दे रहे हैं। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। हालांकि कमरे से मिले साक्ष्यों और पुलिस को सूचना देने में हुई देरी के कारणों की भी बारीकी से जांच की जा रही है।

बरगी के 13 गेट खुलते ही तीसरी बार उफान पर नर्मदा, घाटों में चार फीट तक बढ़ा पानी

दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर। पिछले दो दिनों से हो रही बारिश के कारण रानी अवंती बाई लोधी सागर परियोजना बरगी बांध का जलस्तर लगातार बढ़ने से शनिवार को बरगी बांध के 13 गेट खोल दिए गए। शनिवार को बांध के 13 गेट एक मीटर से अधिक ऊंचाई तक खोलकर नर्मदा में जलराशि की निकासी किए जाने के बाद तीसरी बार मां नर्मदा उफान पर आ गई। तीन से चार फीट तक जलस्तर बढ़ने से गौरीघाट के सभी घाट एक बार फिर डूबने की कगार पर पहुंच गए।



बांध से पानी की निकासी जारी

तिलवारा, भेड़ाघाट सहित नर्मदा के निचले क्षेत्रों के घाटों में पानी तेजी से बढ़ रहा है। बांध से पानी की निकासी जारी रही तो रविवार को नर्मदा का जलस्तर बढ़ सकता है। बरगी बांध से पानी छोड़े जाने के कारण नर्मदा के निचले क्षेत्र में स्थित घाटों पर आठ फीट तक पानी बढ़ने की संभावना है। वहीं रात में जलस्तर और बढ़ सकता है। बांध प्रबंधन ने आम नागरिकों से नर्मदा के घाटों और तटीय क्षेत्रों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने की अपील की है।

हाईकोर्ट ने याचिका की खारिज

पेड़ काटने के संबंध में मजिस्ट्रेट से करें षिकायत

जबलपुर। हाईकोर्ट प्रमोद कुमार अग्रवाल की एकलपीठ ने 5 दषक पुराने और मूल्यवान पेड़ों की कथित अवैध कटाई से संबंधित याचिका को सुनवाई के बाद खारिज कर दिया। एकलपीठ ने याचिकाकर्ता को स्वतंत्रता दी है कि वह मजिस्ट्रेट के समक्ष षिकायत कर सकता है। याचिकाकर्ता श्रीमति रष्मिबाई की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि ग्राम पार्टला जिला जबलपुर के खसरा नंबर 924 में लगे 50 पेड़ों को उसकी जानकारी, सहमति व अनुमति के बिना काटे जाने को चुनौती दी गयी थी। याचिका में कहा गया था कि कथित पेड़ कटाई के संबंध में थाना बरेला और पुलिस अधीक्षक, जबलपुर को शिकायतें दी गईं। इसके बावजूद भी पुलिस के द्वारा एफआईआर दर्ज नही की गयी। अवैध रूप से पेड काटना मध्य प्रदेश वृक्षों के परिरक्षण संबंधी कानून और भारतीय वन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध है। राज्य सरकार की तरफ से याचिका का विरोध करते हुए कहा गया कि पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं तो याचिकाकर्ता के पास मजिस्ट्रेट के समक्ष कानूनी उपाय उपलब्ध है। एकलपीठ ने कहा है कि एफआईआर दर्ज नही होने की स्थिति में पहले संबंधित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के समक्ष शिकायत और उसके बाद आवश्यकता होने पर मजिस्ट्रेट के समक्ष आवेदन का रास्ता उपलब्ध है। याचिकाकर्ता के पास मजिस्ट्रेट के समक्ष शिकायत करने के वैधानिक उपाय मौजूद हैं । मजिस्ट्रेट को एफआईआर दर्ज कराने तथा उचित जांच के निर्देश देने की शक्ति प्राप्त है। याचिकाकर्ता ने उपलब्ध वैकल्पिक और प्रभावी कानूनी उपाय अपनाए बिना सीधे हाईकोर्ट का रुख किया गया है। इसलिए इस स्तर पर याचिका पर सुनवाई नहीं की जा सकती।

हेडमास्टरों की पदोन्नति का मामला हाईकोर्ट पहुंचा

जबलपुर। बालाघाट जिले के हेडमास्टरों और उच्च श्रेणी शिक्षकों को लेक्चरर पद पर पदोन्नति नहीं दिए जाने का मामला हाईकोर्ट पहुंच गया है। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति विशाल धगट की एकलपीठ ने शासन से यह पता करने के लिए समय दिया है कि बालाघाट जिले के संबंधित हेडमास्टरों व उच्च श्रेणी शिक्षकों के प्रकरणों पर विभागीय पदोन्नति समिति ने विचार किया था या नहीं। मामले की अगली सुनवाई 12 अक्टूबर से शुरू होने वाले सप्ताह में होगी। दरअसल देवेंद्र पटले व अन्य की ओर से अधिवक्ता करण सिंह ठाकुर ने पक्ष रखा। उन्होंने कोर्ट को बताया कि याचिकाकर्ता बालाघाट जिले में पदस्थ थे, लेकिन उन्हें लेक्चरर पद पर पदोन्नति नहीं दी गई। अधिवक्ता ने कहा कि किसी चूक के कारण पदोन्नति प्रक्रिया में बालाघाट जिला छूट गया और विचारणीय दायरे में आने वाले हेडमास्टरों के प्रकरणों पर पदोन्नति के लिए विचार नहीं किया गया।

हाईकोर्ट ने कहा गवाहों के बयानों की बहुत बारीकी से जांच करना उचित नही

हत्या के आरोप में दूसरी जमानत अर्जी खारिज



दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर। हाईकोर्ट जस्टिस देव नारायण मिश्रा ने एकलपीठ ने हत्या के मामले में आरोपी की दूसरी जमानत याचिका खारिज कर दी। एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि गवाहों के बयानों की बहुत बारीकी से जांच करना उचित नही है। खमरिया थानान्तर्गत 8 फरवरी 2024 की रात को तीन मोटरसाइकिलों आये छह लोग ने दिलीप नामक व्यक्ति पर हमला किया था। घायल दिलीप को अस्पताल ले जाया गया,उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी थी।

आवेदन करन बिसेन की तरफ से दलील दी गई कि एफआईआर में उसका नाम नहीं था और मौके पर मौजूद कुछ गवाहों ने हमलावरों की पहचान नहीं की। बरामद किए गए बका पर खून के निशान की पुष्टि नहीं हुई है और उसे एफएसएल जांच के लिए नहीं भेजा गया। कुछ गवाहों के अभियोजन का समर्थन नहीं किया है। राज्य सरकार ने जमानत का विरोध करते हुए कहा कि दो गवाहों के बयान में आरोपी को घटना में शामिल बताया गया है। आरोपी से हथियार बरामद हुआ है और एफएसएल की रिपोर्ट प्राप्त नही है। इसके अलावा आपराधिक रिकॉर्ड और मोबाइल कॉल रिकॉर्ड का भी उल्लेख किया। एकलपीठ ने उक्त आदेष के साथ याचिका को खारिज कर दिया।

सास-ससुर को राहत,पति को हाईकोर्ट से झटका: याचिका में की गयी थी दहेज एक्ट के तहत दर्ज एफआईआर को खारिज करने की मांग

हाईकोर्ट जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल ने दहेज और वैवाहिक क्रूरता के खिलाफ पति कार्तिक तिवारी के खिलाफ दर्ज एफआईआर और आपराधिक कार्यवाही को खारिज करने से इंकार कर दिया। एकलपीठ ने सास किरण तिवारी और ससुर अशोक तिवारी को राहत प्रदान करते हुए उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर को निरस्त कर दिया। भोपाल के महिला थाना जहांगीराबाद में धारा 498 तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3 और 4 तहत दर्ज एफआईआर व अपराधिक कार्यवाही को निरस्त किये जाने की तरफ से पति तथा सास-ससुर की तरफ से अलग-अलग याचिका दायर करते हुए हाईकोर्ट की शरण ली गयी थी। याचिकाकताओं की तरफ से दायर दलील में कहा गया था कि पत्नी ने वैवाहिक घर छोड़ने के कई महीने बाद एफआईआर दर्ज कराई है। तलाक का आवेदन दायर करने के बाद एफआईआर दर्ज करवाई गयी है। एकलपीठ ने तर्क को अस्वीकार करते हुए अपने आदेष में कहा है कि पति के द्वारा हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 10 के तहत कार्यवाही शुरू करने के कारण आपराधिक कार्यवाही को रद्द नहीं किया जा सकता। एफआईआर में पति के खिलाफ दहेज की मांग और प्रताड़ना के विशिष्ट आरोप मौजूद हैं। ससुर अशोक तिवारी और सास किरण तिवारी के खिलाफ एफआईआर और बयानों में विशिष्ट आरोप नहीं हैं। उनके खिलाफ लगाए गए आरोप सामान्य और व्यापक प्रकृति के पाए गए।

पूर्व जज गिरिबाला की जमानत पर सुनवाई टली, हाईकोर्ट में अब 30 को होगी सुनवाई

त्विषा शर्मा डेथ केस में आरोपी सास एवं पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश गिरिबाला सिंह की नियमित जमानत अर्जी पर शुक्रवार को हाईकोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकी। न्यायमूर्ति अजय कुमार निरंकारी की एकलपीठ के समक्ष जमानत अर्जी सुनवाई के लिए नियत थी, लेकिन समयाभाव के कारण मामले की सुनवाई टल गई। अब जमानत अर्जी पर अगली सुनवाई 30 सितंबर को संभावित है। गिरिबाला सिंह की ओर से अधिवक्ताओं ने जमानत अर्जी पर जल्द सुनवाई का अनुरोध किया था। इससे पहले 15 सितंबर को सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से जमानत आवेदन पर जवाब पेश करने के लिए समय मांगा गया था। एकलपीठ ने सीबीआई को एक सप्ताह का समय देते हुए मामले को आगे की सुनवाई के लिए नियत किया था।गिरिबाला सिंह फिलहाल भोपाल जेल में न्यायिक हिरासत में हैं। त्विषा शर्मा की 12 मई, 2026 को भोपाल स्थित ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई थी। मामले की जांच सीबीआई कर रही है। गिरिबाला सिंह ने ट्रायल कोर्ट से जमानत नहीं मिलने के बाद हाई कोर्ट में नियमित जमानत अर्जी दायर की है।

मूल्यांकनकर्ता के खिलाफ जांच के आदेश, बारहवीं की आंसरशीट में छेड़छाड़ का मामला


हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति मनिंदर सिंह भट्टी की एकलपीठ ने 12 वीं कक्षा के छात्र की आंसर शीट की जांच में उत्तरों में छेड़छाड़ पाए जाने के मामले में माध्यमिक शिक्षा मंडल को संबंधित मूल्यांकनकर्ता के खिलाफ जांच के आदेश दिए हैं। एकलपीठ ने माशिमं को चार सप्ताह में जांच पूरी कर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई 26 अक्टूबर से शुरू होने वाले सप्ताह में नियत की गई है। यह मामला रीवा निवासी श्रेयांश श्रीवास्तव की ओर से दायर किया गया है। याचिकाकर्ता वर्ष 2021-22 में 12वीं की परीक्षा में शामिल हुआ था। उसे सभी विषयों में 95 प्रतिशत से अधिक अंक मिले थे, जबकि अंग्रेजी विषय में 90 में से 70 अंक प्राप्त हुए थे। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता ने बताया कि आंसरशीट खुलवाने पर पांच प्रश्नों के उत्तरों में छेड़छाड़ किए जाने की बात सामने आई। इनमें ह्यएलह्न शब्द को ह्यटीह्न किए जाने का आरोप था। सुनवाई के दौरान कोर्ट के समक्ष मूल आंसरशीट की जांच की गई। इसमें प्रश्नों के उत्तरों में छेड़छाड़ पाए जाने के बाद एकलपीठ ने माशिमं को संबंधित मूल्यांकनकर्ता के खिलाफ जांच कर चार सप्ताह में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

बिना अनुमति लिए निर्माण कार्य करना अवैध


मंगल भवन निर्माण पर विवाद, नपा को एसईसीएल ने थमाया रोक आदेश, 1.92 करोड़ से अधिक के निर्माण कार्य पर उठे सवाल

दैनिक रेवांचल टाईम्स, अनूपपुर। नगर पालिका परिषद पसान द्वारा वार्ड क्रमांक 11 में कराए जा रहे मंगल भवन निर्माण कार्य को लेकर नगर पालिका और साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड आमने-सामने आ गए हैं। सामने आए दो महत्वपूर्ण शासकीय पत्रों से निर्माण कार्य की जमीन के स्वामित्व और अनुमति को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। एसईसीएल कोतमा-गोविंदा उपक्षेत्र के उपक्षेत्रीय प्रबंधक ने नगर पालिका परिषद पसान के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को पत्र भेजकर संबंधित भूमि पर चल रहे निर्माण कार्य को तत्काल प्रभाव से बंद करने के निर्देश दिए हैं।

नगर पालिका परिषद पसान से 15 दिसंबर 2025 को जारी कार्यादेश के अनुसार वार्ड क्रमांक 11 में मंगल भवन निर्माण कार्य के लिए 1,92,98,660 रुपये की राशि निर्धारित की गई है। पत्र में उल्लेख है कि संबंधित निविदा दर को परिषद की बैठक में स्वीकृति प्रदान की गई थी। निर्माण कार्य निर्धारित प्राक्कलन एवं मापदंडों के अनुसार कराने तथा कार्य के दौरान अधिकारियों द्वारा दिए गए निदेर्शों का पालन करने के निर्देश भी दिए गए हैं।


कार्यालय नगरपालिका परिषद् पसान
जिला - अनूपपुर (मध्प्र०)

एसईसीएल ने कहा की पसान ग्राम में स्थित खसरा क्रमांक 1200 की भूमि एसईसीएल की माइनिंग लीज क्षेत्र में आती है। अधिकारियों के स्थल निरीक्षण के दौरान पाया गया कि संबंधित भूमि पर नगर पालिका विभाग द्वारा मंगल भवन एवं अन्य प्रकार के निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। प्रबंधन ने


Office of
The Sub Area Manager
Kotma-Govinda Sub Area
P.O. Kotma Colliery,
Dist.Anuppur (M.P.)Pin-484336
Phone : 07658-746231(O)

अपने पत्र में स्पष्ट रूप से कहा है कि निर्माण कार्य शुरू करने से पहले एसईसीएल, जमुना-कोतमा क्षेत्र से इस निर्माण के संबंध में अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त नहीं किया गया है। सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वहां किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य किया जाना अनधिकृत है। एसईसीएल ने नगर पालिका परिषद पसान को निर्देशित किया है कि संबंधित भूमि पर चल रहे अवैध/अनधिकृत निर्माण कार्य को तत्काल प्रभाव से बंद कराया जाए और भविष्य में सक्षम प्राधिकारी की लिखित अनुमति के बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य शुरू न किया जाए।पत्र में यह भी चेतावनी दी गई है कि यदि निदेर्शों की अवहेलना करते हुए निर्माण कार्य जारी रखा गया तो नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित पक्ष की होगी। मामले में सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब नगर पालिका परिषद पसान द्वारा मंगल भवन निर्माण के लिए बाकायदा निविदा प्रक्रिया पूरी कर 1.92 करोड़ रुपये से अधिक का कार्यादेश जारी किया गया, तो क्या निर्माण से पहले संबंधित भूमि के स्वामित्व और एसईसीएल की अनुमति की पर्याप्त जांच की गई थी।





नवोदय विद्यालय में छात्रों के दो गुटों में मारपीट, जाँच के लिए 6 सदस्यीय टीम गठित, 20 छात्र निलंबित

दैनिक रेवांचल टाईम्स, अनूपपुर।अमरकंटक में स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय अमरकंटक में छात्रों के दो गुटों के बीच विवाद हो गया, विवाद ऐसा बढ़ा कि दोनों गुट के छात्रों के बीच मारपीट जैसी घटना हो गई। हालांकि इस घटना में किसी को कोई गंभीर चोट नहीं आई। लेकिन दोपहर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमरकंटक में 11 बच्चों को प्राथमिक उपचार के लिए लाया गया। कई छात्रों को सर व चेहरे व अन्य जगह चोट है। जहां ड्यूटी डॉक्टर डॉ जनक सारीवान ने प्राथमिक उपचार के बाद बच्चों को छुट्टी दे दी। वहीं स्कूल प्राचार्य अर्चना सिंह ने बताया की कक्षा 10 और 11 के बच्चों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ, जो हाथापाई पर उतर आया। मामले की गंभीरता को देखते हुए अभिभावकों को सूचना देकर 20 छात्रों को तत्काल स्कूल से निलंबित कर दिया गया है, साथ ही मामले की जांच के लिए 6 सदस्यों की टीम को नियुक्त किया गया है। जांच टीम 2 दिनों में अपनी रिपोर्ट सौंपेने के बाद छात्रों के निलंबन की संख्या बढ़ भी सकती है। अमरकंटक पुलिस ने बताया कि घटना के संबंध में जानकारी मिली थी, तत्काल स्कूल पहुंचकर बच्चों के अभिभावकों को बुला समझाईश दी गई है। अभी स्कूल तरफ से करवाई के लिए कोई आवेदन नहीं आया है। बताया जाता है कि बच्चों के बीच किसी बात को लेकर कई दिन से विवाद सुलग रहे थे, लेकिन शिक्षकों तक जानकारी नहीं पहुंची, वही दोनों गुट आमने सामने आ गए।

खराब हैंडपंप से छात्राओं और एमडीएम व्यवस्था की परेशानी बढ़ी

जलभराव और पेयजल संकट से जूझ रहा पुरानी बस्ती का कन्या माध्यमिक विद्यालय



दैनिक रेवांचल टाईम्स, अनूपपुर। शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर बस्ती में जलभराव और पेयजल की समस्या विद्यार्थियों के साथ विद्यालय प्रबंधन के लिए भी परेशानी का कारण बनी हुई है। बारिश के दौरान विद्यालय परिसर में पानी भरने से आवागमन और अध्ययन-अध्यापन प्रभावित होने की स्थिति बनती है। वहीं विद्यालय का हैंडपंप खराब होने के कारण विद्यार्थियों को पेयजल के लिए भी परेशानी उठानी पड़ रही है। विद्यालय परिसर से बारिश के पानी की निकासी के लिए नाली निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही है। प्रधानाध्यापक अजय कुमार प्रसाद के अनुसार इस संबंध में नगर पालिका परिषद अनूपपुर के सीएमओ को कई बार लिखित एवं मौखिक रूप से अवगत कराया गया है। जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश के समय परिसर में पानी जमा हो जाता है। इससे छात्राओं के विद्यालय आने-जाने के साथ ही कक्षाओं के संचालन में भी परेशानी की स्थिति निर्मित होती है। विद्यालय में पेयजल की समस्या भी बनी हुई है। प्रधानाध्यापक के अनुसार खराब हैंडपंप को दुरुस्त कराने तथा विद्यार्थियों के लिए पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के संबंध में नगर पालिका से कई बार आग्रह किया गया है। पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं होने से विद्यार्थियों को बाहर से पानी लाने की स्थिति बन रही है। पेयजल की समस्या का असर मध्याह्न भोजन व्यवस्था पर भी पड़ रहा है। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार एमडीएम तैयार करने वाली महिलाओं को भी पानी के लिए विद्यालय परिसर से बाहर स्थित हैंडपंप पर निर्भर रहना पड़ता है। इससे भोजन तैयार करने की व्यवस्था में अतिरिक्त परेशानी होती है। विद्यालय प्रबंधन ने नगर पालिका परिषद से मांग की है कि विद्यालय परिसर में जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान करने के लिए आवश्यक नाली निर्माण कराया जाए तथा खराब हैंडपंप को शीघ्र दुरुस्त कर पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।


चित्रकला व प्रदर्शनी प्रमाण पत्र का वितरण समारोह

दैनिक रेवांचल टाईम्स,उमरिया। जिला शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र बडकरे ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित की जा रही गतिविधियों के अनुक्रम में मेरे सपनो का भारत के तहत 26 सितंबर को प्रातः 11 बजे से रानी दुर्गावती भवन में जिला स्तरीय चित्रकला एवं प्रदर्शनी प्रमाण वितरण समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विकासखंड स्तर पर चयनित 20-20 विद्यार्थी शामिल हुए।

विसर्जन कुंड में क्रेन नहीं, आधी रात तक हाइड्रा का इंतजार कीचड़ व फिसलन के बीच विसर्जन की व्यवस्था पर सवाल

दैनिक रेवांचल टाईम्स, अनूपपुर।अनंत चतुर्दशी पर गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए नगर पालिका अनूपपुर क्षेत्र में बनाए गए विसर्जन स्थल की व्यवस्थाओं को लेकर सवाल खड़े हुए हैं। एडवोकेट एवं समाजसेवक जयंत राव ने शिकायत करते हुए कहा कि विसर्जन स्थल पर आवश्यक मशीनरी की समय पर व्यवस्था नहीं होने के साथ स्थल पर कीचड़ और फिसलन की स्थिति भी बनी हुई थी, जिससे श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर चिंता की स्थिति दिखाई दी।

शिकायत के मुताबिक, रात करीब 12 बजे तक विसर्जन कुंड पर क्रेन उपलब्ध नहीं थी। इस दौरान तहसीलदार से व्यवस्था के संबंध में जानकारी लेने पर हाइड्रा मशीन की व्यवस्था किए जाने की बात बताई गई, लेकिन शिकायतकर्ता के अनुसार काफी समय बीतने के बाद भी हाइड्रा मौके पर उपलब्ध नहीं हो सका। विसर्जन के बाद मौके की स्थिति का जायजा लेने पर स्थल पर काफी मात्रा में कीचड़ और फिसलन दिखाई देने की बात सामने आई। ऐसे स्थान पर श्रद्धालुओं को प्रतिमाओं के साथ पहुंचने और विसर्जन करने में परेशानी की स्थिति बन सकती थी। विशेषकर महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों की सुरक्षा को लेकर स्थल की स्थिति पर सवाल उठाए गए हैं।



जयंत राव का कहना है कि जिस स्थान पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना पहले से रहती है, वहां आवागमन के लिए सुरक्षित रास्ता, पर्याप्त प्रकाश, कीचड़ से बचाव तथा फिसलन रोकने के इंतजाम पहले से किए जाने चाहिए थे। गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन अनंत चतुर्दशी पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत होता है। इसके बावजूद विसर्जन स्थल पर क्रेन अथवा हाइड्रा जैसी आवश्यक मशीनरी की उपलब्धता को लेकर शिकायत सामने आने से तैयारियों पर सवाल उठे हैं। वहीं, स्थल पर कीचड़ और फिसलन की स्थिति ने भी व्यवस्थाओं की पूर्व तैयारी पर प्रश्नचिह्न लगाया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि पूरे मामले में जिला प्रशासन और नगरीय प्रशासन की तैयारियों में समन्वय की कमी और लापरवाही स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

कबाड़ के ठीहे पर पुलिस ने मारा छापा, 20 लाख का सामान जब्त, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

दैनिक रेवांचल टाईम्स, शहडोल। जिला मुख्यालय से सटा पुलिस ने कुदरी रोड पर कबाड़ के एक ठिकाने पर कार्रवाई की है। कोतवाली और सोहागपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने दबिश देकर यहां से बड़ी मात्रा में सबमर्सिबल पंप, टुल्लू पंप, कॉपर वायर और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक जब्त सामान की कीमत 20 लाख रुपये से अधिक है। कार्रवाई के दौरान मेरठ निवासी एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। पुलिस के अनुसार कुदरी रोड पर किराए के मकान में कबाड़ का कारोबार संचालित किया जा रहा था।



यहां तलाशी के दौरान खेतों में इस्तेमाल होने वाले 50 से अधिक सबमर्सिबल पंप मिले। इनमें 17 से ज्यादा पंप चालू हालत में बताए जा रहे हैं। इसके अलावा कई पंपों को काटकर उनके अलग-अलग हिस्से कर दिए गए थे। मौके से बड़े टुल्लू पंप, कॉपर वायर, अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान और एक चार पहिया वाहन भी बरामद किया गया है।पुलिस ने हिरासत में लिए गए व्यक्ति की पहचान नदीम मलिक पिता सराफत अली, निवासी मेरठ के रूप में की है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि बरामद सामान कहां से लाया गया था। पूछताछ में यह भी पता लगाया जा रहा है कि पंप और अन्य उपकरण चोरी के हैं या फिर इन्हें अलग-अलग स्थानों से कबाड़ के रूप में खरीदा गया था। शहडोल में हाल के दिनों में सरकारी कार्यालयों में लगे उपकरणों और अन्य विद्युत सामग्री की चोरी की घटनाएं सामने आई हैं। विश्वविद्यालय के पावर ट्रांसफार्मर से कॉपर और ऑयल चोरी किए जाने के मामलों की भी पुलिस जांच कर रही है। इसी दौरान सोहागपुर पुलिस ने चोरी से जुड़े एक अन्य गिरोह के संदिग्धों को भी हिरासत में लिया है। उनके पास से विद्युत तार समेत अन्य सामान बरामद होने की बात सामने आई है। पुलिस दोनों मामलों में आरोपियों से पूछताछ कर रही है। जांच में यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि बरामद सामान चोरी की किन घटनाओं से जुड़ा है और क्या इसके पीछे कोई संगठित गिरोह काम कर रहा था।

48 घंटे से रुक रुककर बारिश, जनजीवन हुआ अस्त व्यस्त, पोंडा नाला का जलस्तर बढ़ा, निचले इलाके में जल भराव



दैनिक रेवांचल टाईम्स, शहडोल। जिले में पिछले करीब 48 घंटे से रुक-रुककर रिमझिम बारिश का दौर जारी है। शनिवार सुबह बारिश और ठंडी हवाओं के चलते मौसम में अचानक ठंडक बढ़ गई। तापमान करीब 19 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इसका असर सामान्य जनजीवन पर भी दिखाई दिया। बारिश के कारण शहर और आसपास के निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है।

सुबह सड़कों पर भी रोजाना की तुलना में आवाजाही कम नजर आई। लगातार बारिश के कारण कई निचले क्षेत्रों में पानी जमा हो गया है। सिंहपुर रोड स्थित पोंडा नाले में भी पानी का स्तर बढ़ गया है। इससे यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिले के कई नदी-नालों में भी बारिश के बाद पानी बढ़ गया है। बाणसागर बांध में जलभराव की स्थिति एफआरएल के करीब बनी हुई है। 24 सितंबर को सुबह आठ बजे जलस्तर 341.61 मीटर दर्ज किया गया था, जबकि पूर्ण जलाशय स्तर 341.64 मीटर है। जलाशय 99.21 प्रतिशत भरा हुआ है। बांध के गेट क्रमांक 8, 9, 10 और 11 को 0.30 मीटर खोला गया है। स्पिलवे से 253 क्यूमेक्स पानी छोड़ा जा रहा है। 26 सितंबर को जिले में औसतन 35.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। सोहागपुर में सबसे अधिक 53 मिमी, बुढ़ार में 49 मिमी, गोहपारू में 37 मिमी, जैतपुर में 31 मिमी, चनौढ़ी में 31 मिमी, जयसिंहनगर में 27 मिमी और ब्यौहारी में 20 मिमी बारिश हुई। जिले में 26 सितंबर तक कुल औसत वर्षा 1205 मिमी दर्ज हो चुकी है। पिछले वर्ष इसी अवधि में 1101.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई थी।



अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की हुई मौत, गुस्साए लोगों ने सड़क किया जाम

दैनिक रेवांचल टाईम्स,उमरिया। बीती रात लोरहा हाइवे पर सड़क हादसे में स्थानीय निवासी नीलेश पिता रामनाथ यादव उम्र करीब 24 वर्ष के मौत हो गयी है। हादसे में घटना में गम्भीर रूप से घायल युवक को देर रात जिला अस्पताल लाया गया था, प्राथमिक उपचार कर बिना देर किए कटनी रेफेर कर दिया गया था, परन्तु डॉक्टर्स उसे बचा नही सके,अंततः कटनी अस्पताल में मौत हो गई। हादसा कैसे हुआ, फिलहाल अब तक साफ नही है, देर रात करीब 11 बजे हुए इस हादसे के बाद पुलिस पहुंची है, और जरूरी तफ्तीश कर रही है।

फिलहाल मृत युवक की डेड बॉडी गांव नही पहुंची है, पीएम आदि की कार्यवाही पूर्ण होकर कटनी से शव ग्राम लोरहा पहुंचेगी। मृत युवक ऑटो चालक रहा था। घटना स्थल हाइवे के बगल में बने उंसके घर से महज चंद कदम की दूरी पर हुई थी। घटना को लेकर बताया जाता है कि उमरिया से कटनी की ओर जा रही अज्ञात चार पहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मारी थी। टक्कर के दौरान सड़क पर खड़े टैंकर से भी उक्त दुर्घटनाग्रस्त वाहन टकराया था। मौत की खबर के बाद से ही परिजनों का रोरोकर बुरा हाल है, वही गांव में भी इस घटना से मातम पसरा है। बीती रात वाहन दुर्घटना घायल नीलेश रामनाथ यादव की मौत के बाद लोरहा ग्राम वासियों ने एन एच 43 कटनी सड़क मार्ग पर जाम लगाया, पुलिस के आला अधिकारियों की समझाईस ओर आश्वासन के बाद धरना पर बैठी भीड़ मान गई, पुलिस ने कहा की उचित कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे, तब जाकर मामला शांत हुआ है ओर जाम हटाया गया।

जिले में गत 24 घंटे में 37.7 मिमी वर्षा दर्ज

दैनिक रेवांचल टाईम्स,उमरिया। अधीक्षक भू अभिलेख ने बताया कि गत 24 घंटे में 37.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। बांधवगढ़ तहसील में 37.2 मिमी, मानपुर तहसील में 54.8 मिमी, पाली में 37.2 मिमी, नौरोजाबाद में 25.8, चंदिया में 42.6 मिमी, करकेली तहसील में 34.9 मिमी तथा बिलासपुर में 31.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जिले में एक जून से लेकर 25 सितंबर अगस्त तक 1199 मिमी वर्षा दर्ज की गई है जिसमें बांधवगढ़ तहसील में 1374.4 मिमी, मानपुर तहसील में 1234.6 मिमी, पाली तहसील में 1228.8 मिमी, नौरोजाबाद तहसील 1188.2 मिमी, चंदिया तहसील में 1191.3 मिमी, कर-केली तहसील में 1208.3 मिमी, बिलासपुर तहसील में 968.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि तक 1231.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई थी जिसमें बांधवगढ़ तहसील में 1269.5 मिमी, मानपुर तहसील में 1428.3 मिमी, पाली तहसील में 1030.7 मिमी, नौरोजाबाद तहसील 1040.3 मिमी, चंदिया तहसील में 1263.2 मिमी, करकेली तहसील में 1232 मिमी, बिलासपुर तहसील में 1326.2 मिमी वर्षा शामिल है। उल्लेखनीय है कि जिले की वार्षिक सामान्य वर्षा 1215.7 मिमी है।



राज्य स्तरीय शालेय प्रतियोगिता संपन्न

दैनिक रेवांचल टाईम्स,उमरिया। स्कूल शिक्षा विभाग के तत्वाधान में 14 वर्ष आयु के बालकों की राज्य स्तरीय हैंड बॉल प्रतियोगिता स्टेडियम में आयोजित होगी। प्रतियोगिता का शुभारंभ 26 सितंबर को सुबह 10 बजे किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र बडकरे से प्राप्त जानकारी अनुसार भारी बारिश के कारण 25 सितंबर को आयोजित होने वाला शुभारंभ कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया था। अब यह कार्यक्रम 26 सितंबर को प्रातः 10 बजे आयोजित किया गया।

संपादकीय

वोट को लेकर जन-आंदोलन

मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ राष्ट्रीय जन-आंदोलन का माहौल बन गया है। कांग्रेस ने राज्यों की राजधानियों में विरोध-प्रदर्शन का आह्वान किया है। कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक भी 29 सितंबर को तय हुई है। शायद कोई बड़ा निर्णय सामने आएगा! राजनीतिक कॉकरोचों ने भी सीईसी का इस्तीफा मांगते हुए आंदोलन की धमकी दी है। विपक्ष के कई प्रमुख नेताओं ने सीईसी के खिलाफ आपराधिक मुकदमा चलाने और जेल में डालने की पुरजोर मांग की है। हालांकि दिसंबर, 2023 में चुनाव आयोग संबंधी कानून में संशोधन कर सीईसी, पूर्व सीईसी और चुनाव आयुक्तों को किसी भी तरह के केस और जेल भेजने की सजा से कानूनी छूट दी गई थी। उनके खिलाफ आपराधिक कार्रवाई नहीं की जा सकती। यह संशोधन संसद में पारित किया गया था। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत सभी विपक्षी नेता इस संसदीय संशोधन को जानते होंगे! फिर भी नेता प्रतिपक्ष ने सीईसी को गद्दार और देशद्रोही करार दिया है। उनके इस्तीफे और सरकारी गवाह बनने की मांग की है। नेता प्रतिपक्ष को यकीन है कि ऐसे अपराधी को सजा जरूर मिलनी चाहिए। विपक्ष का कथित इंडिया ब्लॉक संसद के दोनों सदनों में, सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ, महाभियोग प्रस्ताव लाने पर भी विचार कर रहा है। इसी साल मार्च-अप्रैल में भी महाभियोग का प्रस्ताव दिया गया था, जिसे लोकसभा स्पीकर और राज्यसभा सभापति ने खारिज कर दिया था। लेकिन आसार पुख्ता होते जा रहे हैं कि शहर, कस्बा, गांव और गली-गली के स्तर पर देश का आम नागरिक विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का ही बहिष्कार कर दे! चूंकि उनके वोट काटे जा रहे हैं, लिहाजा संविधान में दिए मताधिकार का उल्लंघन किया जा रहा है। यदि संविधान का ही उल्लंघन होता रहा, तो लोकतंत्र किस काम का..? लोकतंत्र की बुनियाद ही आम मतदाता का वोट और जनादेश है। यदि वोट से संसद, विधानसभा, सरकारें नहीं चुनी जा सकतीं, तो वोट ही बेमानी किया जा रहा है। जन-आंदोलन इस मताधिकार को हासिल करने और एसआईआर की आड़ में चुनावी साजिश को पराजित करने को लेकर उग्र और देशव्यापी होगा। अब यह लोकतंत्र-समर्थक लामबंदी की ही अग्नि-परीक्षा है कि वे आम नागरिक को कितना समझा पाते हैं कि वोट चोरी के जरिए चुनाव जीते जा रहे हैं? राहुल गांधी और विपक्षी नेता अभी तक वोट चोरी के आरोप लगा रहे थे, लिहाजा उन्हें क्षुद्र राजनीति माना जा रहा था। अब चुनाव आयोग के ही दो संवैधानिक चुनाव आयुक्तों की आपत्तियों और सवालों से लगभग पुष्टि हो रही है कि वोट चोरी ही नहीं, वोट देने का मौलिक अधिकार भी छीना जा रहा है। एक अभियान के तहत करीब 13.37 करोड़ मतदाताओं के नाम काट देना कोई सामान्य घटना नहीं है। गोवा जैसे छोटे-से राज्य का उदाहरण सार्वजनिक हुआ है कि 97 मतदाताओं के नाम और ब्यौरे सही पाए गए, लेकिन राज्य का मुख्य चुनाव अधिकारी 8 बार ई-मेल कर और फोन पर ब्रीफ करने के बावजूद उन 97 नामों को मतदाता-सूची में जुड़वा नहीं सका। इसका स्पष्टीकरण भी नहीं दिया गया है। उन मतदाताओं के संवैधानिक अधिकार छिन गए, वे वोट नहीं दे सकेंगे, ऐसे लोकतंत्र का क्या करेंगे हम? यह कैसी प्रशासनिक और संवैधानिक व्यवस्था है कि राज्य के सीईओ की भी आयोग के आईटी सिस्टम तक पहुंच नहीं है! यकीनन अब यह मुद्दा प्रधानमंत्री मोदी तक भी जाएगा। मुद्दा यह नहीं है कि सीईसी के पद पर ज्ञानेश का चयन प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने किया। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की असहमति को किनारे कर दिया गया। सरकारें ऐसे ही काम करती हैं और चयन प्रधानमंत्री के स्तर पर ही होता रहा है। इसमें साजिश क्या है? चूंकि अब चुनाव आयोग का भीतरी यथार्थ बेनकाब हुआ है, किसी ने भी उसका खंडन नहीं किया है, किसी ने भी सफाई नहीं दी है या अदालत में उसे चुनौती दी है, अंततः सीईसी ज्ञानेश को ही खलनायक माना जा रहा है। यदि देश भर में जन-आंदोलन फैलता है, तो प्रधानमंत्री कब तक सीईसी को बचा पाएंगे? यह भाजपा-कांग्रेस की राजनीतिक लड़ाई नहीं है, देश के आम नागरिक के मताधिकार का सवाल है और यह राष्ट्रीय सरोकार का मुद्दा बन सकता है। विपक्ष का गंभीर आरोप है कि केंद्र तथा कई राज्यों में सरकार निर्माण में चुनाव आयोग की भूमिका पक्षपातपूर्ण रही है। अगर यहां पर निष्पक्ष रूप से चुनाव करवाए जाते, तो निश्चय ही भाजपा की सरकारें न बनतीं। राहुल गांधी का मानना है कि इन जगहों पर दोबारा से निष्पक्ष चुनाव करवाए जाने चाहिएं। उनकी यह भी मांग है कि इस मसले को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त को सरकारी गवाह बनना चाहिए। कांग्रेस कई राज्यों में इस मसले को लेकर आंदोलन शुरू करने जा रही है। शायद केंद्र पर कुछ दबाव बने।

मोबाइल की दीवानगी कहां लेकर जाएगी?

व्यापक संदर्भ में देखें, तो ऐसे मामलों में दोष केवल युवाओं का भी नहीं है। कुछ बच्चे माता-पिता पर दबाव बनाते हैं कि अगर उन्हें लेटेस्ट फोन नहीं मिला तो वे पढ़ाई नहीं करेंगे। बच्चे महंगा स्मार्टफोन यह कहकर मांगते हैं कि इससे पढ़ाई, प्रोजेक्ट और नई तकनीक सीखने में मदद मिलेगी। खासकर कम पढ़े-लिखे माता-पिता को बच्चे कई बार इन वजहों का हवाला देकर समझाने की कोशिश करते हैं। हालांकि कई मामलों में असली वजह दोस्तों के बीच फोन को प्रदर्शित करना और खुद को उनसे पीछे न दिखाना होती है। भारत में मार्केट रिसर्च फर्म काउंटरपॉइंट रिसर्च की रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल बिकने वाले कम से कम 42 प्रतिशत आईफोन ईएमआई (किस्तों) पर खरीदे जाएंगे। देश के ज्यादातर परिवारों की आय सीमित है। ऐसे में 75000 रुपए या उससे महंगे फोन की किस्तें चुकाना कई परिवारों को कर्ज में धकेल रहा है। युवा किसी भी देश का भविष्य होते हैं। देश का भविष्य बनने वाले युवा भविष्य की चिंता किए बगैर सिर्फ एक झूठी होड़ का शिकार हों तो देश का भला कैसे होगा? मौजूदा दौर में मोबाइल को लेकर जो मारामारी मची हुई है, उसे देख कर लगता है कि जैसे देश के युवाओं के सामने कोई चुनौती नहीं बची है। युवाओं के स्वास्थ्य और भविष्य पर मोबाइल के नए से नए ब्रांडों का आकर्षण उन्हें दलदल की तरफ धकेल रहा है।



महंगे मोबाइल ब्रांडों के जुनून से तो यही लगता है कि इस देश में बेरोजगारी और युवाओं से जुड़ी कोई समस्या बची ही नहीं है। नए से नए मोबाइल ब्रांड को पाने के लिए देश के युवा मारामारी करते रहे हैं। ऐसा लगता है कि जैसे वे इतने जरूरी काम में जुटे हुए हैं कि यदि यह नहीं हुआ तो उनका भविष्य खराब हो जाएगा। एक अमरीकी कंपनी के नए ब्रांड को लेकर युवा रातभर लाइन में खड़े रहे और अपने नंबर का इंतजार करते रहे। दिल्ली से मुंबई तक देश के कई शहरों में इस कंपनी के स्टोर के बाहर सैकड़ों लोग सुबह स्टोर खुलने की इंतजार में रात भर कतार में लगे रहे। वह भी एक ऐसे मोबाइल के लिए जिसकी कीमत भी डेढ़ से सवा तीन लाख रुपए तक की है। इनमें चंद ही ऐसे युवा होंगे जो इतने महंगे फोन से कुछ कमाई करेंगे, बाकी सभी तो सिर्फ जुनून के शिकार हैं। सवाल सिर्फ इतना नहीं है कि लोग महंगा फोन खरीदने के लिए इतनी मेहनत क्यों कर रहे हैं? बड़ा सवाल यह है कि कुछ लोगों को नया फोन, नई कार, नया गैजेट या कोई भी लेटेस्ट प्रोडक्ट सबसे पहले खरीदने की इतनी जल्दी क्यों होती है। साइकोलॉजी में इसे नयापन अर्थात अनोखा या अलग अनुभव करने की इच्छा कहते हैं। इसे आकर्षण से जोडकर देखा जाता है। इनसान को नई और अलग चीजें स्वाभाविक तौर पर दिलचस्प लगती हैं। नए प्रोडक्ट के साथ नई तकनीक, नया डिजाइन और नई पहचान जुड़ी होती है। नवीनतम फोन खरीदने की इस होड़ के पीछे फोमो यानी दूसरों से पीछे छूट जाने का डर भी हो सकता है। लोगों को लगने लगता है कि बाकी सभी लोग आगे बढ़ रहे हैं और अगर उन्होंने यह फोन नहीं लिया तो वे पीछे रह जाएंगे। यही कारण है कि कुछ लोग नया फोन आने का महीनों इंतजार करते हैं और लॉन्च होते ही उसे खरीदने के लिए घंटों लाइन में लग जाते हैं। कुछ लोग हर चीज सबसे पहले क्यों लेना चाहते हैं? हर व्यक्ति नई चीज के पीछे एक ही वजह से नहीं भागता। किसी को नई तकनीक पसंद होती है, किसी को नई चीज इस्तेमाल करने का अनुभव अच्छा लगता है, जबकि कुछ लोगों के लिए सबसे पहले नया प्रोडक्ट खरीदना उनकी पहचान और सोशल स्टेटस से जुड़ जाता है। इसके अलावा सोशल मीडिया पर नया फोन दिखाकर रील बनाने और उसे प्रदर्शित करने की चाहत भी इसके आकर्षण को बढ़ा सकती है। कई युवा लेटेस्ट फोन खरीदने के लिए ईएमआई का सहारा लेते हैं। उन्हें लगता है कि अभी फोन ले लेते हैं और पैसे धीरे-धीरे चुका देंगे। सोशल मीडिया ने इस सामाजिक दबाव को और बढ़ाया है। इसका असर सिर्फ युवाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं में भी लेटेस्ट प्रोडक्ट को लेकर ऐसा क्रेज देखने को मिलता है। कई मामलों में माता-पिता बच्चों की इस जिद से परेशान होकर काउंसिलिंग के लिए पहुंचते हैं। मोबाइल फोन की चाहत को लेकर देश में लगातार अपराध बढ़ रहे हैं। महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में एक युवक ईएमआई पर खरीदे गए एप्पल आईफोन की मासिक किस्त के पैसों को लेकर हुए झगड़े के बाद तिसगांव की एक पहाड़ी पर चढकर कूदने की धमकी दे रहा था। वह नीचे गिर पड़ा। उसे बचाने और नीचे उतारने की कोशिश में उसके पिता भी संतुलन बिगड? से उसके साथ 250 फुट गहरी खाई में गिर गए और आंखों के सामने पूरे परिवार को उजड़ता देख सदमे में आई मां ने भी चट्टान से छलांग लगा दी। मोबाइल ने तीनों की जान ले ली। इसी तरह उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में 4 फरवरी 2026 को तीन सगी नाबालिग बहनों ने नौवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। माता-पिता द्वारा ऑनलाइन गेमिंग और अत्यधिक मोबाइल इस्तेमाल पर रोक लगाने व फोन छीन लिए जाने के बाद उन्होंने यह खौफनाक कदम उठाया। अगस्त 2026 को यूपी के फरूर्खाबाद में 25 वर्षीय युवती ने पिता द्वारा उसका मोबाइल फोन छीनने पर आत्महत्या कर ली। हिमाचल प्रदेश में मार्च 2025 में मंडी में एक बेटी ने पढ़ाई या परीक्षा के दौरान पिता द्वारा मोबाइल फोन छीन लिए जाने से आहत होकर आधी रात को विक्टोरिया पुल से ब्यास नदी में छलांग लगाकर अपनी जान दे दी थी। आगरा में एक पिता के मोबाइल तोड? पर 17 वर्षीय बेटी ने फांसी लगा ली थी। दिसंबर 2023 में नागपुर में एक 16 वर्षीय किशोरी ने फोन का इस्तेमाल रोकने पर आत्महत्या कर ली। दरअसल, ऐसी घटनाओं के पीछे उपभोक्तावाद, दिखावे की संस्कृति, साथियों के दबाव, डिजिटल दुनिया में निर्मित कृत्रिम जीवन शैली और तत्काल अपनी इच्छा पूरी कर लेने की बढ़ती प्रवृत्ति जैसे कई पहलू हो सकते हैं। व्यापक संदर्भ में देखें, तो ऐसे मामलों में दोष केवल युवाओं का भी नहीं है। कुछ बच्चे माता-पिता पर दबाव बनाते हैं कि अगर उन्हें लेटेस्ट फोन नहीं मिला तो वे पढ़ाई नहीं करेंगे। बच्चे महंगा स्मार्टफोन यह कहकर मांगते हैं कि इससे पढ़ाई, प्रोजेक्ट और नई तकनीक सीखने में मदद मिलेगी।

खासकर कम पढ़े-लिखे माता-पिता को बच्चे कई बार इन वजहों का हवाला देकर समझाने की कोशिश करते हैं। हालांकि कई मामलों में असली वजह दोस्तों के बीच फोन को प्रदर्शित करना और खुद को उनसे पीछे न दिखाना होती है। भारत में मार्केट रिसर्च फर्म काउंटरपॉइंट रिसर्च की रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल बिकने वाले कम से कम 42 प्रतिशत आईफोन ईएमआई (किस्तों) पर खरीदे जाएंगे। देश के ज्यादातर परिवारों की मासिक आय बहुत सीमित है। ऐसे में 75000 रुपए या उससे महंगे फोन की किस्तें चुकाना कई परिवारों को कर्ज के दलदल में धकेल रहा है। भारत में 5 करोड़ से भी कम ऐसे परिवार हैं जिनकी मासिक आय 75000 रुपए है। वहीं, एक आईफोन की औसत कीमत भी लगभग 75000 रुपए है। मतलब एक फोन की कीमत पूरे परिवार की महीने भर की कमाई से भी ज्यादा है। अभिभावकों और समाज को भी यह समझना होगा कि बच्चों को महंगी वस्तुएं उपलब्ध कराना और उन्हें जीवन के मूल्य समझाना दो अलग-अलग बातें हैं। बच्चों की हर मांग पूरी करके उन्हें खुश रखना आसान है, लेकिन उन्हें नहीं सुनने की क्षमता देना निश्चित ही कहीं अधिक जरूरी है।

राशिफल

मेष राशि :- कार्य लाभ में आशानुकूल सफलता का हर्ष होगा रुके कार्य बनेंगे।

वृष राशि :- योजना पूर्ण हो, शुभ समाचार से मन प्रसन्न हो, सोचे हुए कार्य अवश्य बनेंगे।

मिथुन राशि :- कार्य व्यवसाय में थकावट बेचैनी कुछ असफलता के साधन अवश्य ही बनेंगे।

कर्क राशि :- दैनिक व्यवसाय गति मंद रहे, असमर्थता का वातावरण बना ही रहेगा।

सिंह राशि :- आलोचना से बचियें, कार्य कुशलता से पूर्ण संतुष्ट तथा संतोष बना ही रहेगा।

कन्या राशि :- भोग ऐश्वर्य में समय बीते, शारीरिक थकावट बेचैनी कार्य में बढ़ेगी, ध्यान रखें।

तुला राशि :- मित्र वर्ग विशेष फलप्रद रहे, आशानुकूल सफलता से संतोष होगा।

वृश्चिक राशि:- मित्र वर्ग विशेष फलप्रद रहे, कार्य में सफलता प्राप्त होगी, रुके कार्य अवश्य बनेंगें।

धनु राशि :- तनाव पूर्ण वातार्लाप चलनी ही रहेगी तथा सुख वर्धक योग अवश्य ही बनेगा।

मकर राशि :- कार्यवृत्ति में सुधार, सामाजिक कार्य में मान प्रतिष्ठा अवश्य ही बनेगा।

कुंभ राशि :- कार्य व्यवसाय गति मंद चोट आदि का भय होगा तथा मानसिक तनाव बनेगा।

मीन राशि :- आशानुकूल सफलता का हर्ष बिगड़े कार्य की योजना अवश्य ही बनेगा।

जो हौसला उसने बेटी में भरा, वही बना उसका सहारा

इस डॉटर्स डे पर क्लिनिक प्लस का संदेश — बेटी होती है माँ की मजबूती

जबलपुर। माँ की मजबूरी नहीं, बेटी होती है माँ की मजबूती यही विचार क्लिनिक प्लस की नई फिल्म के केंद्र में है। डॉटर्स डे से ठीक पहले क्लिनिक प्लस माँ और बेटी के उस रिश्ते को सलाम करता है, जिसमें दोनों चुपचाप एक-दूसरे की ताकत बन जाती हैं। भारतीय घरों में माँएँ हमेशा से अपनी बेटियों को अपने हक के लिए खड़े होना और अपनी आवाज पहचानना सिखाती आई हैं – जबकि उनसे खुद उम्मीद की जाती है कि वे चुप रहें, समझौते करें और अपने हिस्से की तकलीफें खामोशी से सह लें। लेकिन जो बाकी दुनिया से छूट जाता है, बेटी वही देख लेती है। वह अपनी माँ के अनकहे त्याग को सहज ही पढ़ लेती है और मुश्किल घड़ी में उसके संयम को आत्मसात कर लेती है। यह फिल्म आज की बेटी को सिर्फ. पाली-पोसी जाने वाली संतान के रूप में नहीं, बल्कि अपनी माँ के सबसे बड़े सहारे के रूप में सामने रखती है – एक ऐसी हमराज, जिसकी संवेदनशीलता, खामोश मौजूदगी और भरोसा माँ को आगे बढ़ने और खुद को चुनने का हौसला देता है।

फिल्म की कहानी एक पुस्तक विमोचन समारोह के इर्द-गिर्द बुनी गई है, जहाँ एक लेखिका अपने ही जीवन से निकली कविताओं का संग्रह लेकर सामने आती है। जब उससे पूछा जाता है कि उसके लेखन की प्रेरणा कौन है, तो माँ बस अपनी बेटी की ओर इशारा कर देती है। यहीं से कहानी बचपन के एक पल में लौटती है, जब नन्ही बच्ची दो चोटियों की जगह एक ही चोटी बनवाने की ज़िद करती है – और यहीं से वह बुनियादी रूपक गढ़ा जाता है कि असली मजबूती भीतर से आती है। जैसे-जैसे साल बीतते हैं, दोनों का रिश्ता खामोश निगरानी से बढ़कर सक्रिय साथ में बदल जाता है।



जब माँ के आसपास हर कोई उसे एक मुश्किल शादी में समझौता करने और सह लेने की सलाह देता है, तब बेटी ही है जो उसे यह हालात नए सिरे से देखने में मदद करती है – माँ जो कहती नहीं, बेटी उसे भी चुपचाप पढ़ लेती है। कभी-कभी मजबूती का मतलब खुद को चुनना भी होता है। आखिरकार यही साझा हिम्मत माँ को अपनी शर्तों पर जिंदगी दोबारा गढ़ने का हौसला देती है, और कहानी घूमकर वहीं पुस्तक विमोचन पर लौट आती है, जहाँ वह अपनी बेटी को अपनी सबसे बड़ी ताकत बताती है।

हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) में ब्यूटी एंड वेलबीइंग की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर हरमन ढिल्लों ने कहा, एक माँ अपनी बेटी को मजबूत, संवेदनशील और आत्मनिर्भर बनाती है, और एक दिन वही बेटी माँ का सबसे बड़ा सहारा बन जाती है। यह फिल्म उसी खूबसूरत बदलाव का उत्सव है, जहाँ माँ का दिया हुआ आत्मविश्वास लौटकर उसी का संबल और हौसला बन जाता है। हम यह कहानी देश की उन 1.3 करोड़ सिंगल मदर्स को समर्पित करते हैं, जिनकी जीवटता न सिर्फ. उनकी बेटियों का भविष्य गढ़ती है, बल्कि यह भी साबित करती है कि बेटी होती है माँ की मजबूती।

यह अभियान मजबूत बेटियाँ गढ़ने वाली माँओं के साथ क्लिनिक प्लस के लंबे रिश्ते को आगे बढ़ाता है। इस डॉटर्स डे पर क्लिनिक प्लस माँ-बेटी के रिश्ते में आए एक गहरे बदलाव को सामने रखता हैः जिन हाथों ने कभी बेटी को मजबूत बनना सिखाया था, आज वही हाथ बेटी ने थाम रखे हैं।

कभी-कभी माँ अपनी बेटी को जो ताकत देती है, वह घूमकर उसी के पास लौट आती है।

क्लिनिक प्लस के बारे में: क्लिनिक प्लस का मानना है कि जिन लड़कियों को मजबूत बनकर बड़ा किया जाता है, वे ऐसी महिलाएँ बनती हैं जो हर चुनौती का सामना आत्मविश्वास और दृढ़ता के साथ करती हैं। एक लड़की तभी सही मायनों में सशक्त होती है, जब वह अपनी भीतरी ताकत पहचान लेती है और जिंदगी के सफर में आने वाली रुकावटों को पार कर पाती है। मजबूत बुनियाद हमेशा जरूरी होती है और वही आगे बढ़ने का बल देती है – जिंदगी में भी और बालों के मामले में भी। बालों को बढ़ने के लिए मजबूती चाहिए होती है। यही वजह है कि क्लिनिक प्लस शैंपू में ऐसे तत्व होते हैं जो लड़कियों के बालों को पोषण देते हैं और उन्हें मजबूती देने में मदद करते हैं।

लव एंड वॉर से आलिया भट्ट की दो झलकियां आउट, ग्लैमरस अंदाज ने बढ़ाई एक्साइटमेंट



रणबीर कपूर के जबरदस्त फर्स्ट लुक पोस्टर को जारी करने के बाद मेकर्स ने अब संजय लीला भंसाली की लव एंड वॉर से आलिया भट्ट के लुक को पोस्टर के जरिए रिवील कर दिया है। कहना होगा कि एक्ट्रेस इसमें कभी न देखे गए अवतार में नजर आ रही हैं! संजय लीला भंसाली की मच अवेटेड फिल्म ह्यलव एंड वॉरह्न बिना किसी शक साल 2027 की सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली फिल्म है। ऐसे में फिल्म को लेकर हर बीतते दिन के साथ बढ़ रही एक्साइटमेंट में इजाफा करते हुए मेकर्स ने हाल ही में फिल्म से जुड़े अपडेट शेयर कर दर्शकों को हैरान कर दिया है। बता दें कि फिल्म की दुनिया रछ्ब द्वारा रची गई सबसे नई दुनियाओं में से है, और इस तरह से यह उनके द्वारा पहले दिखाए गए पुराने दौर के सेटिंग्स से बिल्कुल अलग है। अब रणबीर कपूर का फिल्म से लुक शेयर करने के बाद, मेकर्स ने आलिया भट्ट के पोस्टर से पर्दा उठा दिया है। पोस्टर में आलिया बेहद खूबसूरत ग्लैमर से भरे कैबरे-स्टाइल में नजर आ रही हैं। उनके इस लुक में साफ तौर से कॉन्फिडेंस, सेंशुअलिटी और ओल्ड स्कूल चार्म का मेल है। एक तरह से सामने आया लुक न सिर्फ बेहद हटकर है बल्कि ऐसा है जिसमें आलिया को पहले कभी नहीं देखा गया है। आलिया भट्ट पोस्टर में एक कुर्सी पर बैठी हुई दिखाई दे रही हैं, उन्होंने आकर्षक स्लिट स्कर्ट संग हेडपीस पहना है। पोस्टर का बैकग्राउंड बेहद रिच होने के साथ रेट्रो मूड को अपने फ्रेम में जोड़ रहा है, जबकि एक्ट्रेस का पोज बेहद स्टाइलिश होने के साथ बोल्ड और सेंसुअस लग रहा है। आलिया ने अपने इस लुक को पूरे कॉन्फिडेंट के साथ कैरी किया है, साथ ही अपने बिल्कुल अलग अंदाज को दर्शकों के सामने पेश किया है।

क्रोमा का नया स्टोर जबलपुर के तिलहरी में खुला, घरेलू उपकरणों पर फ्लैट 10% की आकर्षक छूट

एंड्राइड स्मार्टफोन पर विशेष ऑफर और घरेलू उपकरणों पर निश्चित उपहार

जबलपुर। टाटा ग्रुप के एक सदस्य और भारत के भरोसेमंद ओमनी-चैनल इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर क्रोमा ने जबलपुर के तिलहरी में अपना नया स्टोर खोलने की घोषणा की है। इस लॉन्च के साथ क्रोमा जबलपुर में अपनी मौजूदगी को और मजबूत करते हुए अपने ओमनी-चैनल शॉपिंग अनुभव को ग्राहकों के करीब ले आया है। अब जबलपुर में क्रोमा के कुल 3 स्टोर्स हो गए हैं, जबकि पूरे मध्य प्रदेश में इसकी संख्या 33 पर पहुँच गई है। यह विस्तार ब्रांड के प्रमुख बाजारों में से एक, मध्य प्रदेश में लगातार आगे बढ़ने की रणनीति को दर्शाता है। 8,085 वर्ग फीट का यह विशाल स्टोर फोर्थ माइल मंडला रोड पर है। तेजी से विकसित हो रहे इस रिहायशी इलाके में स्टोर के खुलने से स्थानीय और आस-पास के ग्राहकों के लिए यहाँ आना बेहद आसान हो जाएगा। इस स्टोर में बड़े अप्लायंसेस, स्मार्टफोन्स और होम टेक्नोलॉजी सॉल्यूशंस जैसी प्रमुख कैटेगरी में कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स और घरेलू उपकरणों की एक विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध है, जिन पर कई आकर्षक लॉन्च ऑफर्स भी दिए जा रहे हैं। इस अवसर पर इन्फिनिटी रिटेल लिमिटेड के चीफ बिजनेस ऑफिसर (स्टोर्स), मयंक संगानी ने कहा, "तिलहरी में नए स्टोर की शुरूआत के साथ जबलपुर में रिटेल विस्तार करते हुए हमें बहुत खुशी हो रही है। मध्य प्रदेश हमारे लिए हमेशा से एक महत्वपूर्ण बाजार रहा है। हमारा यह नया कदम ग्राहकों के डिजिटल और व्यावहारिक शॉपिंग अनुभव को उनके और करीब लाने की प्रतिबद्धता का हिस्सा है। इस स्टोर में ग्राहकों को न केवल इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों की एक विशाल श्रृंखला मिलेगी, बल्कि हमारे विशेषज्ञों का मार्गदर्शन और आकर्षक लॉन्च ऑफर्स भी मिलेंगे। क्रोमा का उद्देश्य तकनीक को हर नागरिक के लिए सुलभ और सुखद बनाना है।" यह स्टोर सुबह 11:00 बजे से रात 9:00 बजे तक ग्राहकों के लिए खुला रहेगा। अधिक जानकारी के लिए ग्राहक तिलहरी, जबलपुर स्थित नए स्टोर पर आ सकते हैं या क्रोमा की आधिकारिक वेबसाइट www.croma.com पर लॉग ऑन कर सकते हैं। सभी ऑफर केवल चुनिंदा ब्रांड्स, कैटेगरी और मॉडल्स पर स्टॉक रहने तक ही मान्य हैं। नियम व शर्तें लागू।



कॉपियों की जांच में मिली लापरवाही तो जताई नाराजगी, बोलीं—सिर्फ कागजों में नहीं, जमीन पर दिखे शैक्षणिक सुधार

अचानक छात्रावास पहुंचीं कलेक्टर छात्राओं से सीधे पूछे पढ़ाई के सवाल

दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी- आदेगांव स्थित आदिवासी कन्या छात्रावास एवं आश्रम शाला में उस समय व्यवस्थाओं और पढ़ाई की वास्तविक स्थिति परखी गई, जब कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने मौके पर पहुंचकर छात्राओं के बीच सीधे संवाद किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने न केवल कक्षाओं में पहुंचकर पढ़ाई का स्तर देखा, बल्कि छात्राओं से स्वयं सवाल पूछकर उनकी विषयवार समझ भी परखी।



किताबों से आगे निकली पड़ताल

कलेक्टर ने गणित, हिंदी, संस्कृत और अंग्रेजी विषयों से जुड़े सामान्य प्रश्न छात्राओं से पूछे। इसके साथ ही यह भी जाना कि छात्राएं भविष्य में क्या बनना चाहती हैं। छात्राओं ने अपने लक्ष्य साझा किए तो कलेक्टर ने उन्हें नियमित अध्ययन, लक्ष्य निर्धारण और निरंतर मेहनत के लिए प्रेरित किया। कमजोर विषयों में विद्यार्थियों की पकड़ मजबूत करने के लिए रेमेडियल कक्षाएं संचालित करने के निर्देश दिए गए।

भोजन की थाली में बैठकर जानी हकीकत

निरीक्षण केवल कक्षाओं तक सीमित नहीं रहा। कलेक्टर ने छात्रावास में रहने, भोजन, स्वच्छता और अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने छात्राओं के साथ बैठकर भोजन किया और भोजन की गुणवत्ता के संबंध में सीधे जानकारी ली। मच्छरों से बचाव के लिए मच्छर जाली लगाने और छात्रावास परिसर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए।

कॉपियां नहीं जांची गईं तो जिम्मेदारों पर कार्रवाई

निरीक्षण के दौरान छात्राओं की अभ्यास पुस्तिकाओं की नियमित जांच नहीं होने की बात सामने आने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने प्राचार्य, संबंधित जनशिक्षक एवं बीआरसी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रत्येक सप्ताह कॉपियों की जांच और छात्राओं की शैक्षणिक प्रगति की नियमित समीक्षा सुनिश्चित करने को कहा।

अब जरूरत है ऐसे निरीक्षणों की निरंतरता की

शैक्षणिक संस्थानों की वास्तविक स्थिति केवल निर्धारित निरीक्षणों से सामने आना मुश्किल होता है। ऐसे में समय-समय पर अचानक निरीक्षण होने से कक्षाओं में पढ़ाई, कॉपी जांच, छात्रावास का भोजन, स्वच्छता और विद्यार्थियों को मिलने वाली सुविधाओं की वास्तविक स्थिति लगातार सामने आती रहेगी। यदि ऐसे निरीक्षण नियमित रूप से जारी रहते हैं तो मैदानी अमले और संस्थानों में भी व्यवस्थाओं को लेकर जवाबदेही बनी रहेगी। कलेक्टर ने निरीक्षण पंजी का अवलोकन करते हुए अधिकारियों एवं मैदानी अमले को शैक्षणिक संस्थाओं का नियमित निरीक्षण करने तथा विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता में निरंतर सुधार के लिए आवश्यक प्रयास करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



UCMAS नेशनल प्रतियोगिता में आराध्या जैन ने हासिल किया तीसरा स्थान, सारांश चौधरी और कशिश सूर्यवंशी पांचवें स्थान पर

8 मिनट में 200 सवाल... राष्ट्रीय मंच पर चमकी सिवनी की प्रतिभा

दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी- सीमित समय में सैकड़ों सवालों को हल करने की चुनौती और देशभर से जुटे हजारों प्रतिभागियों के बीच सिवनी के तीन विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया है। मुंबई में आयोजित यूसीएमएएस नेशनल प्रतियोगिता-2026 में सिवनी की आराध्या जैन ने राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान हासिल किया, जबकि सारांश चौधरी और कशिश सूर्यवंशी ने पांचवां-पांचवां स्थान प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया।

20 राज्यों के 5 हजार विद्यार्थियों के बीच मुकाबला

राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में देश के 20 राज्यों से करीब 5 हजार विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों की गणना क्षमता, गति, एकाग्रता और सटीकता की कड़ी परीक्षा हुई। इतने बड़े स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में सिवनी के तीन विद्यार्थियों का शीर्ष स्थानों पर पहुंचना जिले के लिए उल्लेखनीय उपलब्धि माना जा रहा है।

8 मिनट में 200 प्रश्न, गति के साथ सटीकता की परीक्षा

प्रतियोगिता की सबसे बड़ी चुनौती इसकी समय सीमा रही। प्रतिभागियों को महज 8 मिनट में 200 प्रश्न हल करने थे। यानी प्रत्येक प्रश्न के लिए औसतन कुछ ही सेकंड का समय उपलब्ध था। ऐसे में तेज गणना के साथ सही उत्तर देना विद्यार्थियों के लिए बड़ी चुनौती थी। सिवनी के विद्यार्थियों ने इस चुनौती का सामना करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा साबित की।

नियमित अभ्यास ने दिलाई राष्ट्रीय पहचान

सिवनी के कचहरी चौक स्थित यूसीएमएएस क्लासेस की डायरेक्टर श्रीमती नीना नाहटा के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को नियमित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रतियोगिता की तैयारी में विद्यार्थियों की गणना गति, एकाग्रता, स्मरण क्षमता और सटीकता बढ़ाने पर विशेष अभ्यास कराया गया।

सफलता पर कलेक्टर ने दी बधाई

तीनों विद्यार्थियों की राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धि पर जिले में खुशी का माहौल है। कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने आराध्या जैन, सारांश चौधरी एवं कशिश सूर्यवंशी की उपलब्धि की सराहना करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और इसी तरह मेहनत करते हुए जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने के लिए प्रेरित किया। सिवनी के इन तीनों विद्यार्थियों की उपलब्धि ने यह साबित किया है कि छोटे शहरों की प्रतिभाएं भी उचित प्रशिक्षण, निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास के बल पर राष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बना सकती हैं।

सरस्वती शिशु मंदिर भैरवगंज में वन्देमातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सामूहिक गायन



दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी - सिवनी सरस्वती शिशु मंदिर केशवकुंज, भैरोगंज में नमामि भारतम् कार्यक्रम के अंतर्गत वन्देमातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सामूहिक वन्देमातरम् गायन का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय प्रांगण में उपस्थित सभी भैया-बहिनों, आचार्य परिवार एवं अतिथियों ने एक साथ, एक स्वर और एक भाव से राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन किया।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं मातृ वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता पी.पी. पाण्डेय, पर्यवेक्षक, माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल एवं परीक्षा समन्वयक अधिकारी, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी ने की। साक्षी के रूप में डॉ. टी.आर. सनोडिया, शासकीय प्राध्यापक, पी.जी. कॉलेज सिवनी तथा सत्यापनकर्ता के रूप में कमलेश टेंभरे, क्रीड़ा अधिकारी, शासकीय पी.जी. कॉलेज सिवनी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में राजकुमारी डहेरिया, पार्षद सिवनी एवं पदमा मालू जी उपस्थित रहीं।अतिथियों का परिचय पाली प्रभारी जीतेंद्र कुमार सोनी द्वारा कराया गया। उन्होंने वन्देमातरम् के ऐतिहासिक एवं राष्ट्रीय महत्व तथा इसके 150 वर्ष पूर्ण होने के गौरवपूर्ण अवसर की जानकारी दी।अध्यक्षीय उद्बोधन में पी.पी. पाण्डेय ने वन्देमातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर शुभकामनाएँ देते हुए आयोजन की सराहना की। वहीं विशिष्ट अतिथि श्रीमती पदमा मालू जी ने भैया-बहिनों के उत्साह एवं राष्ट्रभाव से प्रभावित होकर ?10,000 की खेल सामग्री प्रदान करने की घोषणा की।वन्देमातरम् का सामूहिक गायन कनिष्का सोनी, विभा परमार, प्रियांशी नंदनवार, सरिता यादव, संगीता चौधरी, सोना ठाकरे एवं अन्य आचार्य दीदी के सहयोग से सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम का संयोजन शिवांशु गठोरिया एवं विभा परमार ने किया। संचालन श्रीमती सविता विश्वकर्मा तथा आभार प्रदर्शन शिवांशु गठोरिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम की व्यवस्था, जिओटैग फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी एवं दस्तावेजीकरण में आचार्य परिवार के सदस्यों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।इस अवसर पर सम्पूर्ण विद्यालय प्रांगण राष्ट्रभक्ति एवं मातृभूमि के प्रति श्रद्धा के भाव से ओतप्रोत रहा। वन्देमातरम् के गूंजते स्वर राष्ट्रीय एकता, स्वाभिमान और मातृभूमि के प्रति समर्पण की भावपूर्ण अभिव्यक्ति बन गए।

ग्राम पंचायत पिपरिया मेहरा एवं गौराबीबी में 29 सितंबर को मतदान

दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी- राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी पंचायत उप निर्वाचन वर्ष 2026 के कार्यक्रम के अनुसार जनपद पंचायत लखनादौन अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरिया मेहरा एवं गौराबीबी में सरपंच पद के लिए 29 सितंबर 2026 को मतदान कराया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार मतदान का समय प्रातः 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित किया गया है। मतदान प्रक्रिया के लिए ग्राम पंचायत पिपरिया मेहरा में तीन मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें प्राथमिक शाला भवन पिपरिया मेहरा, उन्नयन प्राथमिक शाला भवन विजोरी रैयत तथा प्राथमिक शाला भवन मडवा रैयत शामिल हैं। इसी प्रकार ग्राम पंचायत गौराबीबी के लिए प्राथमिक शाला भवन गौराबीबी एवं भंडारदोह में मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं। निर्वाचन प्रक्रिया को सुगम एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए प्रशासन द्वारा आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। मतदाताओं से निर्धारित मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई है।

बैंक हड़ताल से पहले रविवार को खुलेंगी बैंक शाखाएं

28 से 30 सितंबर तक प्रस्तावित तीन दिवसीय हड़ताल, ग्राहकों को 27 सितंबर को जरूरी काम निपटाने की सलाह



दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी- बैंक ग्राहकों के लिए महत्वपूर्ण सूचना है। बैंक यूनियनों द्वारा 28 से 30 सितंबर 2026 तक तीन दिवसीय देशव्यापी हड़ताल का आह्वान किया गया है। हड़ताल के दौरान बैंकिंग सेवाएं प्रभावित होने की संभावना को देखते हुए ग्राहकों की सुविधा के लिए रविवार, 27 सितंबर को बैंक शाखाएं संचालित रखने की व्यवस्था की गई है।

हड़ताल से पहले बैंकिंग काम निपटाने का मौका

भारतीय रिजर्व बैंक के निदेर्शों के अनुसार रविवार को जिले में संबंधित बैंक शाखाओं के साथ आवश्यक बैंकिंग व्यवस्थाएं भी संचालित रखी जाएंगी। ऐसे में जिन नागरिकों को नकद जमा-निकासी, चेक, खाते से जुड़े आवश्यक कार्य या अन्य शाखा-स्तरीय बैंकिंग काम कराने हैं, वे 27 सितंबर को संबंधित बैंक शाखा से संपर्क कर सकते हैं।

तीन दिन बैंकिंग सेवाओं पर पड़ सकता है असर

28, 29 और 30 सितंबर को प्रस्तावित हड़ताल के चलते बैंक शाखाओं में नियमित कामकाज प्रभावित हो सकता है। ऐसे में ग्राहकों को अंतिम समय तक जरूरी बैंकिंग कार्य लंबित रखने के बजाय रविवार को ही उन्हें पूरा करने की सलाह दी गई है।

डिजिटल सेवाओं पर भी रखें ध्यान

हड़ताल के दौरान अळट, वढक इंटरनेट बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग जैसी डिजिटल सेवाओं की उपलब्धता संबंधित बैंक और तकनीकी स्थिति पर निर्भर करेगी। इसलिए जिन लोगों को इन दिनों में जरूरी भुगतान या अन्य वित्तीय लेन-देन करना है, वे पहले से पर्याप्त वैकल्पिक व्यवस्था रखें। अग्रणी जिला बैंक प्रबंधक ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि बैंक हड़ताल की अवधि को ध्यान में रखते हुए अपने आवश्यक बैंकिंग कार्य समय रहते पूरे कर लें, ताकि बाद में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

बारिश और तेज हवा-तूफान से मक्का की फसल प्रभावित, कलेक्टर ने किया निरीक्षण

खेतों में पहुंचकर फसल नुकसान का लिया जायजा, अधिकारियों को निष्पक्ष सर्वे के निर्देश—किसानों ने राहत व मुआवजे की मांग की



दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी- जिले में बीते दिनों हुई बारिश और तेज हवा-तूफान से मक्का की फसल को कई क्षेत्रों में नुकसान पहुंचा है। प्रभावित फसलों की स्थिति का जायजा लेने के लिए कलेक्टर नेहा मीना ने ग्राम पंचायत कुकलाह, बीसावाड़ी, पौंडी एवं कलारबांकी पहुंचकर खेतों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खेतों में पहुंचकर फसल की स्थिति देखी और बारिश से हुए नुकसान का जायजा लिया। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्रभावित मक्का फसल का उचित एवं निष्पक्ष सर्वे करने के निर्देश दिए। साथ ही फसल बीमा के प्रकरणों में नियमानुसार कार्रवाई करते हुए पात्र किसानों को राहत एवं सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

राहीवाड़ा में भी फसल प्रभावित- इसी बीच राहीवाड़ा क्षेत्र में तेज हवा-तूफान के कारण खेतों में खड़ी मक्का की फसल को नुकसान पहुंचने की जानकारी सामने आई है। राहीवाड़ा निवासी किसान रितेश पांडेय सहित अन्य किसानों के खेतों में तेज हवाओं के चलते मक्का की फसल गिर गई। किसानों के अनुसार फसल अच्छी स्थिति में थी, लेकिन अचानक आए तेज हवा-तूफान से फसल प्रभावित हो गई, जिससे उत्पादन पर असर पड़ने की आशंका है। निरीक्षण के दौरान किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष देवीसिंह राजपूत, राकेश बैस, जगदीश राय, निखिल राय, बघेल सहित अन्य लोगों ने भी किसानों के खेतों में पहुंचकर फसलों की स्थिति देखी और किसानों से चर्चा कर उनकी समस्याएं जानीं। प्रभावित किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि सभी प्रभावित खेतों का शीघ्र सर्वे कराकर नुकसान का वास्तविक आकलन किया जाए तथा शासन के नियमानुसार राहत, मुआवजा और फसल बीमा का लाभ दिलाया जाए। किसानों का कहना है कि समय पर सर्वे होने से नुकसान की सही स्थिति सामने आ सकेगी और प्रभावित किसानों को सहायता मिलने में सुविधा होगी।

घनश्याम सनोडिया की मांग: मक्का फसल के सर्वे में बीमा कंपनी के प्रतिनिधियों को करें शामिल



दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी- जिले में 18 एवं 20 सितंबर को आए तेज तूफान एवं बारिश से मक्का की फसल को हुए नुकसान के बाद किसानों को फसल बीमा का लाभ दिलाने की मांग उठी है। जिला पंचायत सदस्य घनश्याम सनोडिया ने कलेक्टर को पत्र सौंपकर फसल क्षति सर्वे दल में बीमा कंपनी के प्रतिनिधि को शामिल करने की मांग की है। घनश्याम सनोडिया ने पत्र में बताया कि तूफान एवं बारिश के कारण मक्का की फसल जड़ से उखड़कर खेतों में गिर गई है। फसल अभी पकने की स्थिति में नहीं थी, जिसके चलते किसानों को भारी नुकसान हुआ है। प्रभावित क्षेत्रों में फसल क्षति का सर्वे कराने के लिए पटवारी, कृषि विस्तार अधिकारी एवं पंचायत सचिव की टीम गठित की गई है। उन्होंने मांग की है कि सर्वे दल में संबंधित फसल बीमा कंपनी के प्रतिनिधि अथवा कर्मचारी को भी शामिल किया जाए, ताकि राजस्व अमले के साथ बीमा कंपनी का प्रतिनिधि मौके पर पहुंचकर किसानों की फसल क्षति का आकलन कर सके। इससे फसल बीमा के दावों के निराकरण में पारदर्शिता के साथ किसानों को आवश्यक प्रक्रिया में सुविधा मिल सकेगी। जिला पंचायत सदस्य ने कलेक्टर से आग्रह किया है कि आपदा की स्थिति को देखते हुए किसानों के हित में सर्वे दल में बीमा कंपनी के प्रतिनिधियों को शामिल करने के निर्देश दिए जाएं, ताकि प्रभावित किसानों को नियमानुसार फसल बीमा का लाभ मिल सके।

प्रदेश में तेजी से हो रहा हैं सड़क परियोजनाओं का क्रियान्वयन : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी ने की प्रदेश में जारी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा

जबलपुर के शहपुरा टोल प्लाजा पर वसूली स्थगित

पूर्व प्रधानमंत्री श्री वाजपेयी के बटेश्वर से विशेष संबंध के दृष्टिगत अटल एक्सप्रेस-वे को जोड़ा जाएगा बटेश्वर से

सिंहस्थ : 2028 की दृष्टिगत उज्जैन से जोड़ने वाली सभी सड़क परियोजनाओं को तेजी से किया जाए पूर्ण



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी की पहल से प्रदेश में सड़क परियोजनाओं का क्रियान्वयन तेजी से हो रहा हैं। इससे औद्योगिक गतिविधियों के साथ ही धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने में मदद मिली है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी की उपस्थिति में मुख्यमंत्री निवास में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में यह विचार व्यक्त किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी को प्रदेश की प्रमुख परियोजनाओं और भविष्य के सड़क विस्तार योजनाओं की जानकारी भी दीं।

सड़क परियोजनाओं को पूर्ण करने में न हो विलंब : केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी ने कहा कि सड़क परियोजनाओं के निर्माण में गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। हर प्रोजेक्ट का डिजाइन सड़क सुरक्षा की दृष्टि से भी तकनीकी मानकों के अनुरूप हों। ऐसे स्थानों पर जहाँ क्षेत्रीय निवासियों को हो रही कठिनाईयों के कारण, सड़क परियोजनाएं लम्बित हो रही है, वहां परस्पर संवाद और समन्वय से समाधान निकाला जाए। भूमि अधिग्रहण और वन स्वीकृति के प्रकरणों में राज्य सरकार के अधिकारी केन्द्रीय मंत्रालयों से परस्पर सम्पर्क में रहें। किसी भी स्थिति में परियोजनाओं को पूर्ण करने में विलंब न हों। बैठक में प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह, मुख्य सचिव श्री अशोक बर्णवाल उपस्थित थे।

कान्हा राष्ट्रीय उद्यान की नागपुर, जबलपुर और रायपुर से सड़क कनेक्टिविटी बढ़ाने के निर्देश : केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का बटेश्वर (उ.प्र.) से विशेष संबंध रहा है। अटल एक्सप्रेस-वे का निर्माण बटेश्वर तक किया जाएगा। उन्होंने सिंहस्थ : 2028 के दृष्टिगत उज्जैन को जोड़ने वाले सभी मार्गों को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी ने जबलपुर के शहपुरा आर.ओ.बी. के क्षतिग्रस्त होने से प्रभावित आवागमन के दृष्टिगत नागरिकों की परेशानी को देखते हुए शहपुरा टोल प्लाजा पर टोल वसूली स्थगित करने के निर्देश दिए। बैठक में कान्हा राष्ट्रीय उद्यान की सड़क कनेक्टिविटी नागपुर, जबलपुर और रायपुर से बढ़ाने के लिए आवश्यक कार्य योजना बनाने के निर्देश भी दिए गए। श्री गडकरी ने कहा कि बालाघाट जिले में बेहतर रोड नेटवर्क के लिए कार्य योजना बनाई जाए।

केन्द्र और राज्य सरकार के अधिकारी रहे मौजूद : बैठक में देवास जिले में सन्दलपुर से नसरूल्लागंज बायपास, उज्जैन झालाबड़ फोरलेन, सतना चित्रकूट फोरलेन, जबलपुर-लखनादौन-रायपुर ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे से संबंधित विषयों पर चर्चा हुई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके साथ ही लौनी-बुरहानपुर लिंक के संबंध में भी चर्चा हुई। बैठक में अपर मुख्य सचिव श्री नीरज मंडलोई, प्रमुख सचिव लोक निर्माण श्री सुखवीर सिंह सहित प्रदेश के वन और राजस्व विभाग तथा केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अधिकारी उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर के निवास पहुँचकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएँ दी।

छिंदवाड़ा में बच्चों ने रंगों से सजाया विकसित भारत


छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर शुरू किए गए सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले में बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में जिलेभर के हजारों बच्चों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। बच्चों ने अपनी कल्पनाओं को रंगों के जरिए कागज पर उतारते हुए विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत की तस्वीर पेश की। बच्चों की चित्रकला में प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान कल्याण, बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं जैसे विषय भी दिखाई दिए। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। प्रतियोगिता का समापन कार्यक्रम छिंदवाड़ा के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सांसद विवेक बंटी साहू और भाजपा जिला अध्यक्ष शेषराव यादव शामिल हुए। सांसद ने बच्चों की बनाई चित्रकला को देखा और उनसे बातचीत की। सांसद ने बच्चों से यह भी पूछा कि उन्होंने अपनी चित्रकला में जो विषय और विचार उकेरे हैं, उसके पीछे उनकी क्या भावना रही। बच्चों ने अपने चित्रों के माध्यम से देश के विकास और भविष्य को लेकर अपनी कल्पनाएं साझा कीं। कार्यक्रम के दौरान सांसद विवेक बंटी साहू ने जिले को नशामुक्त बनाने की अपील की। उन्होंने बच्चों से कहा कि वे नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने में सहभागी बनें और अपने आसपास के लोगों को भी नशे से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि बच्चों और युवाओं की भागीदारी से नशामुक्ति के संदेश को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाया जा सकता है। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अधिकारी, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



एमपी में भारी बारिश, नदियों का जलस्तर बढ़ा, पुल डूबे

बरगी के 9 गेट खुले; जोहिला और बिलगांव डैम से भी छोड़ा जा रहा पानी





भोपाल। डिंडौरी और उमरिया में पिछले तीन दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण नर्मदा सहित सहायक नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। डिंडोरी के जोगी टिकरिया का पुल डूबा हुआ है। पिछले सात घंटे से जबलपुर-अमरकंटक नेशनल हाईवे 45 पर आवागमन प्रभावित है। डिंडौरी के शहपुरा स्थित बिलगांव बांध के दो गेट खोल दिए गए हैं। उमरिया के संजय गांधी ताप विद्युत केंद्र के जोहिला डैम के चार गेट दो-दो मीटर खोलकर पानी छोड़ा जा रहा है। सतना-मैहर के साथ उमरिया जिले में विद्यार्थियों की सुरक्षा के मद्देनजर 26 सितंबर को सभी स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया है। जलभराव और लगातार बारिश को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। बरगी बांध में पानी को नियंत्रित करने के लिए शुक्रवार को पांच गेट खोले गए थे। इसके बाद भी पानी की आवक लगातार जारी रही। लिहाजा, शनिवार को चार गेट और खोले गए। अब बरगी बांध के नौ गेटों से पानी छोड़ा जा रहा है। इस जल निकासी के कारण नर्मदा के घाटों पर वर्तमान जल स्तर से लगभग 6 से 8 फीट की वृद्धि हुई है।

पूर्वी मप्र में बारिश का दौर जारी रहने की संभावना : मौसम विशेषज्ञ शैलेंद्र कुमार नायक ने बताया कि सितंबर के अंतिम सप्ताह में मध्य प्रदेश का मौसम एक बार फिर एक्टिव है। गहरे अवदाब की तीव्रता भले ही लगातार कम हो रही हो, लेकिन इसकी उत्तर-उत्तर-पश्चिम दिशा में गति और इससे जुड़ी नमी पूर्वी मध्य प्रदेश में वर्षा को बनाए रखने के लिए पर्याप्त है। इसलिए अगले 48 घंटे विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं। प्रशासन, किसान और आम नागरिक स्थानीय मौसम चेतावनियों पर नजर रखें। साथ ही नदी-नालों, पुल-पुलियों और निचले इलाकों में अनावश्यक आवागमन से बचें।

मानसून की विदाई को 5 दिन बचे

एमपी में दक्षिण-पश्चिम मानसून का पीरियड 1 जून से 30 सितंबर तक है। यानी, मानसून की विदाई को पांच दिन बचे हैं। आने वाले दिनों में मानूसन की विदाई होने लगेगी। राजस्थान के कई जिलों से मानसून लौट चुका है। प्रदेश में अब तक 880.5 मिमी यानी, 34.7 इंच बारिश हो चुकी है। हालांकि, यह अब तक की सामान्य बारिश 36.9 इंच (937.9 मिमी) की तुलना में 2.2 इंच कम है। वहीं, ओवरऑल 6 प्रतिशत कम पानी गिरा है। पूर्वी हिस्से में बराबर और पश्चिमी हिस्से में औसत से 11% बारिश कम हुई है। प्रदेश के पूर्वी हिस्से- जबलपुर, रीवा, सागर और शहडोल संभाग में आंकड़ा बराबर है। बालाघाट, छिंदवाड़ा, डिंडौरी, दमोह, जबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर, पांढुर्णा, मंडला, रीवा, सागर, सिवनी में 4% से 21% तक कम बारिश हुई है। पिछले एक सप्ताह में यह आंकड़ा काफी सुधरा है। शुक्रवार को भी आंकड़ा बराबर पर आ गया। वहीं, पश्चिमी हिस्से के आलीराजपुर, अशोकनगर, बैतूल, देवास, धार, हरदा, इंदौर, झाबुआ, खंडवा, मंदसौर, मुरैना, नर्मदापुरम, नीमच, बड़वानी, खंडवा, रायसेन, रतलाम, सीहोर, शाजापुर, उज्जैन और विदिशा में औसत से 8% से 50% कम पानी गिरा है।

लव मैरिज के 2 साल बाद महिला की मौत

भोपाल। भोपाल के बिलखिरिया थाना क्षेत्र के चार नंबर कोकता में गुरुवार रात अगरबत्ती से बिस्तर में लगी आग की चपेट में आने से 23 वर्षीय नवविवाहिता पूजा अहिरवार की मौत हो गई। गंभीर हालत में उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया था, जहां शनिवार सुबह उसने दम तोड़ दिया। पूजा के भाई रवि अहिरवार ने पति अशोक अहिरवार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उसका कहना है कि बहन को पति शराब के नशे में प्रताड़ित करता था और उसके साथ बदसलूकी करता था। परिजन ने आशंका जताई है कि पूजा को जलाकर मारा गया है। हालांकि पुलिस ने फिलहाल मर्ग कायम कर जांच शुरू की है। पुलिस के मुताबिक, पूजा पति अशोक अहिरवार (23) चार नंबर कोकता में रहती थी। गुरुवार रात घर में अगरबत्ती से आग लगने की बात सामने आई।

पितृपक्ष शुरू, मिश्र तालाब पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने किया तर्पण

रायसेन में 20 दिन के श्रमदान से घाटों से कचरा-जलकुंभी हटी, लोगों को मिली राहत



रायसेन। शनिवार से पितृपक्ष (सोलह श्राद्ध) की शुरूआत हो गई। इसके साथ ही रायसेन शहर के प्राचीन मिश्र तालाब पर सैकड़ों श्रद्धालु अपने पितरों का तर्पण करने पहुंचे। इस बार तर्पण के दौरान मिश्र तालाब की बदली हुई तस्वीर देखने को मिली। पिछले करीब 20 दिनों से किए जा रहे श्रमदान के चलते तालाब के घाट और आसपास का क्षेत्र साफ-सुथरा नजर आया। इससे श्रद्धालुओं को तर्पण करने में परेशानी नहीं हुई। पितृपक्ष 26 सितंबर से 10 अक्टूबर तक चलेगा। मिश्र तालाब पर वर्षों से पितरों के तर्पण की परंपरा चली आ रही है। शनिवार को पंडित दीपक चतुर्वेदी और राजेंद्र दुबे ने श्रद्धालुओं को विधि-विधान से तर्पण कराया। इसके बाद लोगों ने घरों पर पितरों के पसंदीदा व्यंजन बनाकर भोग लगाया और पंडितों को भोजन कराया।

20 दिन की मेहनत से बदला तालाब का स्वरूप : तर्पण और धार्मिक आयोजन को देखते हुए जिला विकास समिति, नगर पालिका और कुछ युवाओं ने आगे आकर मिश्र तालाब की सफाई का जिम्मा उठाया। करीब 20 दिनों तक चले श्रमदान में तालाब के घाटों से कचरा और जलकुंभी हटाई गई। इसके बाद तालाब पहले की तुलना में काफी स्वच्छ और सुंदर दिखाई देने लगा है। तर्पण कराने वाले पंडित दीपक चतुर्वेदी ने सामाजिक संगठनों और श्रमदान करने वालों की सराहना करते हुए कहा कि लोगों ने अपना अमूल्य समय देकर तालाब को तर्पण के योग्य बनाया है। पिछले वर्षों की तुलना में इस बार तालाब काफी स्वच्छ नजर आ रहा है। वहीं तर्पण करने पहुंचे योगेंद्र ठाकुर ने जिला नगर पालिका और जिला विकास समिति को धन्यवाद देते हुए कहा कि पितृपक्ष में बड़ी संख्या में लोग यहां तर्पण करने आते हैं। इस साल तालाब की तस्वीर बदली हुई नजर आ रही है और साफ-सफाई के कारण तर्पण करने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई।

नगर पालिका ने शनिवार को भी किया श्रमदान : मिश्र तालाब की सफाई का अभियान शनिवार को भी जारी रहा। नगर पालिका के कर्मचारियों ने घाटों से कचरा उठाया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि जमुना सेन भी कर्मचारियों के साथ श्रमदान में जुटे रहे।

मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा से आसान होगा प्रदेशवासियों का सफर : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी की उपस्थिति में प्रदेशवासियों को मध्यप्रदेश सुगम परिवहन सेवा की सौगात देकर आज के दिन को ऐतिहासिक बनाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सात शहरों की 351 इंटरसिटी और इंट्रासिटी बसों को झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम के बाद स्वयं भेल दशहरा मैदान से टिकिट लेकर बस से ही मुख्यमंत्री निवास पहुंचे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेशवासियों को सुगम, सुरक्षित, आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा शुरू की जा रही है। इस सेवा से शहरी ग्रामीण क्षेत्रों में बस कनेक्टिविटी को मजबूत किया जाएगा। प्रदेश की 75% ग्राम पंचायतों तक परिवहन सेवा का विस्तार होगा। इस इण्टरसिटी और इण्टर स्टेट बस सेवा के अंतर्गत अगले 5 वर्षों में 3500 से अधिक मार्गों पर 15 हजार से अधिक बसों का चरणबद्ध विस्तार होगा। पूरे प्रदेश में नगरों, छोटे कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों तक आम आदमी के लिए सफर आसान होगा। यह ऐसा एकीकृत परिवहन तंत्र है जो यात्रा के समय को कम करेगा और सफर को अधिक सुगम बनाएगा। पूरे प्रदेश में आधुनिक-सुविधाजनक बस स्टॉप, बस टर्मिनल और निजी बस ऑपरेटरों के लिए बस डिपो विकसित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा में ऑनलाइन टिकटिंग, ईवी और सीएनजी बसों को प्राथमिकता देते हुए पर्यावरण अनुकूल आधुनिक बसें, शामिल होंगी। यात्री फीडबैक के आधार पर शिकायतों और समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए 247 कस्टमर केयर सुविधा रहेगी।

कार्यक्रम स्थल से बसों को झंडी दिखाकर किया रवाना : मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा के भेल दशहरा मैदान पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के गान के साथ आरंभ हुआ। मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा और पीएम ई-बस सेवा पर लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी ने मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा और पीएम ई-बस सेवा योजना के तहत बसों का सिंगल क्लिक से लोकार्पण किया तथा कार्यक्रम स्थल से बसों का झंडी दिखाकर रवाना किया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा, भोपाल के प्रभारी मंत्री श्री चैतन्य काश्यप, सहकारिता मंत्री श्री विश्वास सारंग, राज्य मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर उपस्थित थी।



जनता की सेवा के संकल्प की पूर्ति में लिखा गया नया अध्याय : मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भेल दशहरा मैदान पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के जन्मोत्सव 17 सितंबर से 17 अक्टूबर के अवसर पर सेवा संकल्प माह और एकात्म मानववाद के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर 21 साल बाद मध्यप्रदेश में सार्वजनिक परिवहन बस सेवा पुनः शुरू हो रही है। जनता की सेवा के संकल्प की पूर्ति का नया अध्याय लिखा गया है। हमारी सड़क परिवहन सेवाओं का लाभ प्रदेश के दूर-दराज स्थित जनजातीय क्षेत्रों को भी मिलेगा। गरीब और जरुरतमंदों के लिए प्रदेश सरकार ने सेवा का संकल्प लिया है। केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी के माध्यम से प्रदेश में सड़कों और हाईवे का जाल बिछ रहा है।

यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए हैं विशेष व्यवस्था : मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अब मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा और पीएम ई-बस सेवा के माध्यम से सार्वजनिक परिवहन के एक आधुनिक और यूनिक मॉडल की शुरूआत हो रही है। बसों में यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए सीसीटीवी, पैनिक बटन, इमरजेंसी डोर, जीपीएस मॉनिटरिंग, ऑनलाइन टिकटिंग, शिकायतों के समाधान सहित कई प्रकार से मॉनिटरिंग की व्यवस्था की गई है। बस ड्राइवरों की ट्रेनिंग और सुरक्षा के प्रबंधन भी किए गए हैं। वर्ष 2029 तक सभी रूटों पर भगवा रंग की बसें दौड़ती नजर आएंगी, जो प्रमुख शहरों के साथ देश के प्रमुख तीर्थस्थलों और महानगरों तक आवागमन को सुगम बनाएंगी। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बस स्टैंड, बस स्टॉप और चार्जिंग स्टेशनों के साथ सुव्यवस्थित नियंत्रण प्रणाली भी लागू की गई है।

प्रदेशवासियों की आशा और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नक्सलवाद से मुक्त हुए बालाघाट जिले को नई सौगात मिलने जा रही है। हमारी सरकार ने प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था और शांति के लिए चुनौती बने सभी संकटों को समाप्त किया है। हमारी सरकार ने भोपाल से यूनियन कार्बाइड के अपशिष्ट का समुचित प्रबंधन करते हुए निष्पादन किया है। प्रदेशवासियों की आशा और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए सभी मंत्रीगण संकल्प के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार ने बिजली, पानी, सड़क और ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया है।

गणपति बप्पा मोरया के जयकारों के साथ पन्ने नदी में गणेश प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन

ढोल-नगाड़ों, डीजे और गुलाल के बीच श्रद्धालुओं ने दी गणपति बप्पा को विदाई, अगले बरस जल्दी आने की कामना





दैनिक रेवांचल टाईम्स, पन्ना। पवई नगर में गणेश उत्सव के समापन अवसर पर घर-घर विराजे गणपति बप्पा की प्रतिमाओं का श्रद्धा और उल्लास के साथ विसर्जन किया गया गणपति प्रतिमाओं की विदाई के दौरान पूरा नगर भक्तिमय माहौल में नजर आया श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारों के साथ अपने आराध्य को भावपूर्ण विदाई दी गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए निकली शोभायात्राओं में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए ढोल-नगाड़ों की थाप, डीजे की धुन, आतिशबाजी और गुलाल के बीच बच्चे, महिलाएं और युवा उत्साह के साथ झूमते और नाचते नजर आए जगह-जगह श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा की आरती एवं पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की नगर के विभिन्न क्षेत्रों से गणेश प्रतिमाएं श्रद्धालुओं द्वारा वाहन एवं अन्य साधनों से विसर्जन स्थल पन्ने नदी तक पहुंचाई गईं इस दौरान श्रद्धालुओं में गणपति बप्पा के प्रति विशेष आस्था और उत्साह दिखाई दिया विसर्जन के समय भक्तों ने भावुक होकर भगवान गणेश से अगले वर्ष पुनः पधारने की प्रार्थना की

प्रशासन ने किए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

गणेश प्रतिमाओं के शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित विसर्जन को लेकर शासन-प्रशासन द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की गईं पन्नी नदी पर विसर्जन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था के साथ आवश्यक इंतजाम किए गए थाना प्रभारी सुशील कुमार अहिरवार एवं पुलिस जवानों सहित नगर परिषद अध्यक्ष एवं कर्मचारियों ने व्यवस्थाओं को संभालने में सहयोग किया नदी में विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विशेष सतर्कता बरती गई। प्रशासन एवं पुलिस की निगरानी में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन कराया गया। नगर परिषद के कर्मचारियों द्वारा भी विसर्जन स्थल पर व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने में सहयोग किया गया गणेश उत्सव के दौरान पूरे नगर में भक्ति और उत्साह का माहौल रहा विसर्जन के साथ ही श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा से सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि बनाए रखने की प्रार्थना करते हुए विदाई दी

एसडीओपी भावना दांगी को थाना परिसर में दी गई भावभीनी विदाई



दैनिक रेवांचल टाईम्स, पन्ना। पवई एसडीओपी श्रीमती भावना दांगी के स्थानांतरण पर पवई थाना परिसर में विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में थाना प्रभारी सुशील कुमार अहिरवार सहित पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं पत्रकारगण उपस्थित रहे। इस दौरान सहकर्मियों एवं उपस्थितजनों ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए भावपूर्ण शब्दों में विदाई दी कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों एवं पत्रकारों ने एसडीओपी भावना दांगी के साथ अपने अनुभव साझा किए। वक्ताओं ने कहा कि पवई में करीब 14 माह के कार्यकाल के दौरान उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित किया। वहीं आमजन से भी उनका सहज, सरल और मधुर व्यवहार रहा। उनकी कार्यशैली और संवाद के तरीके के चलते क्षेत्रवासियों के बीच भी उनकी एक सकारात्मक पहचान बनी विदाई समारोह के दौरान उपस्थितजनों ने कहा कि श्रीमती दांगी ने अपने कार्यकाल में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के साथ ही पुलिस एवं जनता के बीच बेहतर संवाद को महत्व दिया। उनके स्थानांतरण पर सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य, पदोन्नति तथा नई जिम्मेदारियों में सफलता की कामना की समारोह के दौरान माहौल उस समय भावुक हो गया, जब सहकर्मियों एवं उपस्थितजनों ने उन्हें शुभकामनाओं के साथ विदाई दी। सभी ने उम्मीद जताई कि भविष्य में उन्हें पुनः पन्ना जिले में सेवा करने का अवसर मिले। उपस्थित पुलिसकर्मियों एवं पत्रकारों ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल एवं सुखद भविष्य की कामना की।

मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ पन्ना जिला इकाई की ओर से पन्ना की आराध्य युगल किशोर जी की प्रतिमा भेंट की गई एवं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई

पंडित दीनदयाल जयंती व 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पवई में हुआ सामूहिक राष्ट्रगीत गान



दैनिक रेवांचल टाईम्स, पन्ना। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती एवं राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने के पावन अवसर पर अखिल भारतीय विद्या भारती के निदेर्शानुसार संपूर्ण भारतवर्ष के साथ-साथ स्थानीय सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पवई में भी भव्य राष्ट्रगीत गान कार्यक्रम का आयोजन किया गया शुक्रवार सुबह ठीक 11:00 बजे विद्यालय प्रांगण में उपस्थित सभी अतिथियों, आचार्यों, दीदियों एवं विद्यार्थियों ने एक स्वर में राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' का सस्वर सामूहिक गान किया

विशिष्ट अतिथियों की रही गरिमामयी उपस्थिति

इस अवसर पर पवई थाना प्रभारी सुशील कुमार सिविल अस्पताल के डॉक्टर प्रशांत भदोरिया भवानी पटेल, प्रमोद नगायच प्रहलाद बेहरे, धनराज भदोरिया पुष्पेंद्र पटेल, विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र तिवारी एवं सरस्वती शिशु मंदिर की समस्त दीदियाँ व आचार्य गण एवं स्कूल की समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे

देशभक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ कार्यक्रम : कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुई उपस्थित वक्ताओं ने पंडित दीनदयाल जी के जीवन और वंदे मातरम गीत के 150 वर्षों के गौरवशाली इतिहास तथा स्वतंत्रता संग्राम में इसके योगदान पर प्रकाश डाला इसके पश्चात प्रातः 11:00 बजे एक साथ हुए सामूहिक वंदे मातरम गान से संपूर्ण परिसर देशभक्ति के वातावरण से गुंजायमान हो उठा विद्यालय प्राचार्य जी ने कार्यक्रम में पधारे सभी गणमान्य नागरिकों, अतिथियों एवं कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के सफलता पूर्वक संपन्न होने की घोषणा की

नुक्कड़ नाटक एवं कठपुतली नृत्य से दिया जागरूकता का संदेश

दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नमो सेवा अनकही कहानियां कार्यक्रम के माध्यम से जिले में सेवा, जनभागीदारी और सामाजिक जागरूकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के नेतृत्व में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक एवं कठपुतली नृत्य के माध्यम से आमजन को महत्वपूर्ण सामाजिक एवं कानूनी विषयों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। नमो सेवा अनकही कहानियां कार्यक्रम का आयोजन 19 सितंबर से 5 अक्टूबर तक किया जा रहा है। इसके तहत जनपद पंचायत एवं नगरीय निकाय में नुक्कड़ नाटक टोलियों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, ग्राम पंचायतों, सामुदायिक केंद्रों एवं सार्वजनिक स्थलों पर प्रस्तुतियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में मगरधा, सिंहपुर, डोकरघाट, डेडवारा, इतवारा बाजार एवं कृष्णा वार्ड में नुक्कड़ नाटक एवं कठपुतली नृत्य के माध्यम से आमजन को जागरूक किया गया। कलाकारों ने सरल एवं रोचक प्रस्तुतियों के माध्यम से पोस्को अधिनियम, बाल यौन शोषण की रोकथाम, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, बाल विवाह के दुष्परिणाम एवं कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। साथ ही नागरिकों को साइबर अपराध से बचाव एवं नशा मुक्ति के संबंध में भी जागरूक किया गया। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से बताया गया कि बच्चों की सुरक्षा के प्रति परिवार एवं समाज की सजगता बेहद जरूरी है। किसी भी प्रकार के शोषण अथवा संकट की स्थिति में चुप रहने के बजाय समय पर सहायता लेना चाहिए। बाल विवाह बच्चों के अधिकारों और उनके भविष्य को प्रभावित करता है, इसलिए इसके प्रति समाज के प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक एवं जिम्मेदार बनने का संदेश दिया गया। नुक्कड़ नाटक और कठपुतली नृत्य जैसी प्रभावी लोक विधाओं के माध्यम से गंभीर विषयों को सरल भाषा, संवाद, गीत-संगीत और मनोरंजक प्रस्तुतियों के जरिए लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। इससे आमजन के लिए महत्वपूर्ण कानूनी एवं सामाजिक जानकारी को समझना आसान हो रहा है। साइबर अपराध से बचाव के लिए नागरिकों को अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने, ओटीपी एवं व्यक्तिगत जानकारी किसी से साझा नहीं करने की समझाइश दी गई। साथ ही युवाओं एवं आमजन को नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ एवं जागरूक समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का संदेश दिया गया।

वनकर्मियों द्वारा रैपुरा में नीलगाय के बच्चे का सुरक्षित रेस्क्यू, उपचार के बाद जंगल में छोड़ा



दैनिक रेवांचल टाईम्स, पन्ना। दक्षिण पन्ना वनमंडल के रैपुरा वन परिक्षेत्र में वन अमले की त्वरित कार्रवाई से नीलगाय के बच्चे का सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। शनिवार, 26 सितंबर 2026 को सुबह लगभग 9:30 बजे सूचना प्राप्त हुई कि अधराड़ बीट के ग्राम माधोपुरा में एक नीलगाय का बच्चा पालतू मवेशियों के साथ ग्रामीण अजय सिंह के घर पहुंच गया है। सूचना मिलते ही वन परिक्षेत्र अधिकारी, रैपुरा के निर्देशन में वन अमला तत्काल मौके पर पहुंचा और नीलगाय के बच्चे को सुरक्षित रेस्क्यू किया। आवश्यक पंचनामा कार्रवाई के बाद नीलगाय के बच्चे को पशु चिकित्सालय, रैपुरा ले जाया गया, जहां पशु चिकित्सक द्वारा उसका परीक्षण एवं प्राथमिक उपचार किया गया। स्वस्थ पाए जाने पर उसे अधराड़ बीट के उपयुक्त वन क्षेत्र में सुरक्षित छोड़ दिया गया। इस संपूर्ण रेस्क्यू एवं उपचार संबंधी कार्रवाई में वनपाल प्रेमशंकर सिंह एवं सुमंत कुमार जगेत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

हिन्दी दिवस पखवाड़ा अंतर्गत विविध प्रतियोगिताऐं सम्पन्न



दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर। गत दिवस शिक्षण संस्थान एम. आई. एम. टी. कॉलेज में मध्यप्रदेश शासन भोपाल एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के निदेर्शानुसार हिन्दी दिवस पखवाड़ा के अंतर्गत विकसित भारत 2047 की संकल्पना की अवधारणा पर विविध प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। हिन्दी दिवस समारोह डॉ. सुधीर सिंघई वरिष्ठ साहित्यकार नरसिंहपुर के मुख्य आतिथ्य, डॉ. अशोक कुमार गर्ग प्राचार्य एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर की अध्यक्षता, एड. रचित तिवारी डायरेक्टर एम.आई.एम.टी. लॉ कॉलेज नरसिंहपुर के विशिष्ट आतिथ्य एवं विषय विशेषज्ञ डॉ. नमिता साहू प्राध्यापक हिन्दी पी. एम. श्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, नरसिंहपुर की उपस्थिति में किया गया। डॉ. सिंघई ने विकसित भारत की संकल्पना एवं हिन्दी की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए प्राचार्य डॉ. गर्ग ने सेवा संकल्प अभियान एवं हिन्दी भाषा के योगदान को निरूपित किया। विशिष्ट अतिथि एड. तिवारी हिन्दी भाषा की उपयोगिता एवं तकनीकी कार्य में आने वाली कठिनाइयों से अवगत कराया। विषय विशेषज्ञ डॉ. साहू ने शिक्षा तथा संप्रेषण में हिन्दी के महत्व का वर्णन करते हुए विकसित भारत 2047 की संकल्पना के महत्व का वर्णन किया गया। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। रचना पाठ प्रतियोगिता में हेमराज सेन, श्रीमती रश्मि दुबे एवं श्रीमती विजेता शर्मा ने निर्णायक की भूमिका का निर्वहन किया। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन एम. आई. एम. टी. हिन्दी अकादमी की निदेशक आराधना दुबे एवं आभार मेजर डॉ. पराग नेमा द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर जी डी उमरे, श्रीमती माधुरी पटवा, प्रसून नेमा, जितेन्द्र मिश्रा, फूल सिंह धानक, मो. आषिक अली, दीक्षा केवट, कृष्णकांत जाटव, नंदनी विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में छात्र - छात्राओं की उपस्थिति रही। निबंध प्रतियोगिता में नम्रता कहार ने तृतीय, गीता लोधी को द्वितीय तथा दीपक वैष्णव को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। भाषण प्रतियोगिता में स्माईल ठाकुर ने तृतीय, प्रिया साहू को द्वितीय तथा अंकिता लोधी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। चित्रकला प्रतियोगिता में शाहीन खान ने तृतीय, पियूष विश्वकर्मा को द्वितीय तथा हर्षिका मेहरा को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। रचना पाठ प्रतियोगिता में राहुल चौधरी ने तृतीय, प्रतीक्षा राजपूत को द्वितीय तथा नरेन्द्र मेहरा को प्रथम स्थान प्राप्त किया। अतिथियों द्वारा विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

7 पेटी अवैध शराब जब्त आरोपी गिरफ्तर



दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर। गत दिवस थाना कोतवाली पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि सगौनी तिराहा के पास एक व्यक्ति भारी मात्रा में अवैध शराब विक्रय करने के उद्देश्य से खड़ा है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताए स्थान के आसपास घेराबंदी कर दबिश दी गई। मौके पर एक व्यक्ति को पकड़कर पूछताछ करने पर उसने अपना नाम दीपक पटेल पिता संतराम पटेल, उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम रानी पिंडरई, थाना कोतवाली, नरसिंहपुर बताया। आरोपी के पास से 7 पेटी मसाला देशी शराब एवं एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। पुलिस द्वारा शराब एवं मोबाइल सहित कुल लगभग 40,000 कीमत का मशरूका जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना कोतवाली नरसिंहपुर में धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

युवा संगम कार्यक्रम में 103 युवाओं का प्रारंभिक चयन

नरसिंहपुर। रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मंगलवार को शासकीय महाराणा प्रताप महाविद्यालय, गाडरवारा में युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की मौजूदगी में युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

ओम होम हैल्थ केयर सर्विस
हमारे पास अशक्त बुजुर्ग मरीजों की देखभाल हेतु नर्स,वार्ड वॉय,आया बाई,फिजियोथैरेपी और दवाईयाँ घर पर उपलब्ध कराए जाते हैं।
प्रो.जितेन्द्र पटैल CERVIC - 24X7 Hourse
मो. 9340721556,9753518166
पता-केनरा बैंक महाराष्ट्र हॉई स्कूल गोल बाजार जबलपुर(म.प्र.)

टी वी मुक्त भारत अभियान के तहत किया जागरूक



नरसिंहपुर। गत दिवस प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. एस. के. उप्रेलिया एवं वन एम.पी. बटालियन घंटाघर जबलपुर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल नितिन शर्मा एवं प्रशासनिक अधिकारी कर्नल समीर बोडास के निर्देशन में आज महाविद्यालय के एन.सी.सी. कैडेट्स द्वारा ग्राम खुरपा एवं भाटिया टोला के लोगों को टी.वी. मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूक किया गया टी.वी. से होने वाली बीमारियों से लोगों को परिचित कराया गया एवं उसके लक्षणों को बताया गया किसी भी व्यक्ति को यदि आप अधिक खासी ,बलगम या खांसी के साथ ब्लड आता और सप्ताह भर से ज्यादा बुखार रहता तो इस प्रकार की कोई भी लक्षण दिखाई दें तो नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर इसकी जानकारी डॉक्टर को दें ताकि समय पर सही तरीके से उनका इलाज हो सके। कैडेट्स द्वारा प्रायमरी स्कूल के बच्चों से भी बात की एवं उनके आस-पास इस प्रकार के व्यक्ति पाये जाये तो धर के बडे बुजुर्गो को जानकारी दे। इस कार्य में महाविद्यालय के सीनियर एन.सी.सी. कैडेट एवं नवीन एन.सी.सी. कैडेट ने सक्रिय भूमिका निभाई कैडेट नितेश कुशवाहा के साथ सभी की उपस्थिति रही। इस आयोजन की रुपरेखा कैप्टन डॉ. राजेश कुमार ठाकुर द्वारा तैयार की गई।

Manufacturer of t-shirts & lowers Mo. 9174614421, 9406763810
CHANDRAKALA TEXTILES
सभी प्रकार की टी-शर्ट ऑर्डर पर बनाई और प्रिंट की जाती हैं और स्पोर्ट्स सबलिमेसन जर्सी बनाई जाती हैं।
Address : shop no 151, jabalpur fashion design cluster market Lema garden Gohalpur jabalpur 482001







गणेश विसर्जन के बाद पंडाल में सो रहे युवकों पर गिरी बिजली की तार, करंट की चपेट में आए चार युवाओं की मौत; गांव में एक साथ उठीं चार अर्थियां

हीरापुर में बुझे चार चिराग, गणेशोत्सव का उल्लास मातम में बदला

दैनिक रेवांचल टाइम्स` नैनपुर/मंडला। गणेशोत्सव की खुशियां जिस गांव में कुछ घंटे पहले तक उल्लास और भक्ति का वातावरण बना रही थीं, वहीं पर सुबह होते-होते उल्लास और भक्ति का वातावरण मातम में पसर गया। नैनपुर तहसील के ग्राम हीरापुर में गणेश विसर्जन के बाद गणेश पंडाल में सो रहे युवकों के लिए रात मौत बनकर आई। तेज हवा और बारिश के बीच बिजली का खंभा और तार पंडाल पर गिरने से करंट फैल गया। हादसे में चार युवाओं की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि तीन युवक करंट की चपेट में आने से घायल हो गए। हीरापुर गांव में गणेश प्रतिमा विसर्जन के बाद करीब सात युवक गणेश मंच के पंडाल में सो गए थे। देर रात मौसम खराब होने के दौरान पंडाल के समीप बिजली का खंभा और तार गिरने से करंट फैल गया। करंट का झटका लगते ही कुछ युवक किसी तरह पंडाल से बाहर निकल गए, लेकिन नींद में सो रहे चार युवक इसकी चपेट से बाहर नहीं निकल सके। घटना की जानकारी मिलने के बाद ग्रामीण तत्काल युवकों को अपने साधनों से सिविल अस्पताल नैनपुर लेकर पहुंचे, जहां चार युवाओं को मृत घोषित कर दिया गया।

चार घरों के बुझ गए चिराग

हादसे में कृष्ण पिता दिलीप भावरे (18), वीरेंद्र पिता सोनू भावरे (20), जेनू पिता मुकेश भावरे (22) और रवि झारिया पिता कल्लू झारिया (18) की मौत हुई है। चारों की असमय मौत ने परिवारों को ऐसा जख्म दिया है, जिसकी भरपाई शायद कभी नहीं हो सकेगी। कृष्ण भावरे अपने भाइयों में अकेला था और उसकी एक बड़ी बहन है। जेनू भी परिवार में इकलौता बेटा था और उसकी दो बहनें हैं। बताया गया कि जेनू के माता-पिता दोनों दिव्यांग हैं। रवि झारिया दो भाइयों में छोटा था, जबकि वीरेंद्र दो भाइयों में बड़ा था। चारों युवाओं की मौत ने उनके परिवारों के साथ पूरे गांव को गहरे सदमे में डाल दिया।

एक साथ उठीं चार अर्थियां, रो पड़ा हीरापुर

सुबह जब चारों युवाओं के शव गांव पहुंचे तो हीरापुर का माहौल पूरी तरह गमगीन हो गया। जिन गलियों में गणेशोत्सव की खुशियां थीं, वहीं अब चीख-पुकार सुनाई दे रही थी। हजारों की संख्या में ग्रामीण और आसपास के लोग अंतिम संस्कार में शामिल हुए। एक साथ चार अर्थियां उठीं तो पूरा गांव फूट-फूटकर रो पड़ा।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर मंत्री पहुंचीं गांव

हादसे की जानकारी मिलने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री के निर्देश पर मंडला विधायक एवं मंत्री श्रीमती संपतिया उइके हीरापुर पहुंचीं। उन्होंने घटनास्थल पर पहुंचकर गणेश पंडाल का जायजा लिया और शोकाकुल परिवारों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। मंत्री ने कहा कि दुख की इस घड़ी में सरकार और प्रशासन पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की सहायता, तत्काल अंत्येष्टि के लिए पांच-पांच हजार रुपये तथा मृतक परिवारों के एक-एक सदस्य को आउटसोर्स के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने की बात कही। घायलों को डेढ़-डेढ़ लाख रुपये की सहायता और उपचार की पूरी व्यवस्था का आश्वासन भी दिया गया।

घायल युवक जबलपुर रेफर

हादसे में घायल प्रियाशु पिता परदेशी भावरे (22) को उपचार के लिए नैनपुर से मंडला जिला अस्पताल लाया गया था। हालत को देखते हुए उसे बेहतर उपचार के लिए जबलपुर रेफर किया गया। अन्य घायल युवकों की हालत फिलहाल बेहतर बताई गई है।

पुलिस-प्रशासन सहित जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

घटना के बाद मंडला पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी, नैनपुर एसडीएम, एसडीओपी, थाना प्रभारी सहित पुलिस और राजस्व अमला मौके पर मौजूद रहा। विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण भी पीड़ित परिवारों के साथ खड़े नजर आए।

उत्सव की रात बनी जिंदगी की आखिरी रात

हीरापुर के इन चार युवाओं के लिए गणेश विसर्जन के बाद की रात जिंदगी की आखिरी रात साबित हुई। कुछ घंटे पहले तक जिन हाथों ने गणपति बप्पा को विदाई दी थी, उन्हीं युवाओं की सुबह अर्थियां उठीं। हादसे ने सिर्फ चार परिवारों से उनके बेटे नहीं छीने, बल्कि पूरे गांव से उसकी खुशियां छीन लीं। अब हीरापुर में गणेशोत्सव की वह रात हमेशा चार बुझ चुके चिरागों की याद दिलाती रहेगी।

शिकायत वापस लेने के लिए कथित दबाव का आरोप, भुआ-बिछिया में शिकायत निवारण व्यवस्था की पारदर्शिता पर उठे सवाल

शिकायत की तो दबाव! मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर भी नगर परिषद का पहरा?

शिकायत का समाधान हुआ या शिकायत वापस कराने की कोशिश? ऑनलाइन हिस्ट्री और संबंधित शाखा के रिकॉर्ड की जांच से सामने आ सकता है सच



दैनिक रेवांचल टाइम्स, मंडला। नगर परिषद की व्यवस्थाओं से परेशान होकर मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में शिकायत करना क्या अब शिकायतकर्ता के लिए ही परेशानी का कारण बन रहा है? भुआ-बिछिया में दर्ज कुछ शिकायतों के बाद संबंधित शाखा की ओर से शिकायतकताओं से संपर्क कर शिकायत वापस लेने के लिए कथित तौर पर दबाव बनाए जाने के आरोप सामने आए हैं। आरोप यह भी है कि शिकायत वापस लेने से इनकार करने पर धमकी जैसी बात कही गई। इन आरोपों की फिलहाल स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। ऐसे में किसी अधिकारी या कर्मचारी को जिम्मेदार ठहराने से पहले शिकायत की ऑनलाइन हिस्ट्री, उसके निराकरण की कार्रवाई, शिकायतकर्ता के बयान और संबंधित शाखा के रिकॉर्ड की निष्पक्ष जांच जरूरी है।

समस्या का समाधान या शिकायत ही खत्म करने की कोशिश?

आरोप सही हैं तो सवाल शिकायत निवारण व्यवस्था की विश्वसनीयता का भी है यदि शिकायतकर्ता की समस्या का वास्तविक निराकरण हो चुका है तो उसका रिकॉर्ड उपलब्ध होना चाहिए। लेकिन यदि समस्या जस की तस रहते हुए शिकायत वापस लेने के लिए कहा गया, जैसा कि आरोप लगाया जा रहा है, तो यह जांच का विषय बनता है कि ऐसा किस स्तर पर और किन परिस्थितियों में हुआ।

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की शिकायत पर उठे गंभीर सवाल

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन शासन की शिकायत निवारण व्यवस्था है। ऐसे में किसी नागरिक द्वारा अपनी समस्या दर्ज कराने के बाद संबंधित विभाग से अपेक्षा होती है कि वह शिकायत की जांच कर नियमानुसार निराकरण करे और की गई कार्रवाई को रिकॉर्ड पर दर्ज करे। भुआ-बिछिया में सामने आए आरोपों के बाद सवाल यह है कि संबंधित शिकायतों पर वास्तव में क्या कार्रवाई हुई? क्या शिकायतकताओं की मूल समस्या दूर की गई, या उनसे शिकायत वापस लेने के लिए संपर्क किया गया? इसका जवाब केवल दस्तावेजी जांच से स्पष्ट हो सकता है।

नगर परिषद को इन सवालों का जवाब देना चाहिए- संबंधित शिकायत मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में कब और किस विषय पर दर्ज हुई? शिकायत पर नगर परिषद ने क्या कार्रवाई और क्या निराकरण दर्ज किया? क्या संबंधित शाखा से शिकायतकर्ता को फोन या अन्य माध्यम से संपर्क किया गया? यदि संपर्क हुआ तो उसका उद्देश्य समस्या का निराकरण था या शिकायत वापस कराना? ? शिकायतकर्ता द्वारा कथित दबाव या धमकी की बात कही गई है तो उसकी जांच कौन करेगा?

ऑनलाइन हिस्ट्री खोल सकती है पूरी कहानी

मामले की वास्तविकता जानने के लिए शिकायत की ऑनलाइन हिस्ट्री महत्वपूर्ण हो सकती है। शिकायत कब दर्ज हुई, किस अधिकारी या शाखा को भेजी गई, किस स्तर पर क्या जवाब दर्ज हुआ, निराकरण के लिए कौन-सी कार्रवाई बताई गई और शिकायत किस स्थिति में बंद हुई या लंबित है—इन रिकॉर्डों की समीक्षा से कई सवालों के जवाब सामने आ सकते हैं। इसके साथ शिकायतकर्ता का बयान और संबंधित शाखा के जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारी का पक्ष भी लिया जाना चाहिए, ताकि जांच केवल आरोपों के आधार पर नहीं बल्कि दोनों पक्षों और उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर हो। नगर परिषद बताए—शिकायत का समाधान किया गया या शिकायतकर्ता से ही शिकायत वापस लेने को कहा गया? यदि आरोप निराधार हैं तो जिम्मेदार अधिकारी शिकायत से जुड़े रिकॉर्ड और की गई कार्रवाई के आधार पर स्थिति स्पष्ट कर सकते हैं। वहीं यदि जांच में शिकायत वापस कराने के लिए अनुचित दबाव डालने की बात सामने आती है, तो संबंधित व्यक्ति की भूमिका और जवाबदेही तय किए जाने की मांग स्वाभाविक है।

अब निगाह जिला प्रशासन पर

अब निगाह जिला प्रशासन पर है। आरोपों की निष्पक्ष जांच कर यह स्पष्ट किया जाना जरूरी है कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों का नियमानुसार निराकरण किया जा रहा है या शिकायत वापस लेने के लिए किसी स्तर पर अनुचित दबाव बनाया गया। शिकायत व्यवस्था की विश्वसनीयता तभी बनी रह सकती है जब शिकायतकर्ता बिना भय या दबाव के अपनी समस्या रख सके और विभाग उसका जवाब दस्तावेजों एवं वास्तविक कार्रवाई के आधार पर दे।

तथ्य की स्थिति

शिकायत वापस लेने के लिए दबाव अथवा धमकी दिए जाने के आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि अभी नहीं हुई है। संबंधित शिकायतों के रिकॉर्ड, शिकायतकताओं के बयान और नगर परिषद का आधिकारिक पक्ष सामने आने के बाद ही आरोपों की वास्तविकता स्पष्ट हो सकेगी। संबंधित अधिकारी अथवा नगर परिषद का पक्ष प्राप्त होने पर उसे भी प्रकाशित किया जाना चाहिए।

सेवा संकल्प अभियान में मंडला तीसरे स्थान पर

दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला। मंडला जिले ने सेवा संकल्प अभियान-2026 के क्रियान्वयन में प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल किया है। अभियान में जिले के सभी 9 विकासखंडों के 1307 स्कूलों के 17,363 विद्यार्थियों और 19,600 अभिभावकों ने हिस्सा लिया। शनिवार को शासकीय जगन्नाथ उत्कृष्ट विद्यालय में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके और सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते शामिल हुए। मंत्री उइके ने अभियान में जिले की भागीदारी की जानकारी दी। कार्यक्रम में 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों की चित्रकला प्रदर्शनी भी लगाई गई। अतिथियों ने बच्चों की बनाई चित्रकला की तारीफ की। मंत्री संपतिया उइके ने विकसित भारत के सपने में हर नागरिक की हिस्सेदारी पर जोर दिया। सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने सरकारी योजनाओं की सफलता में लोगों की भागीदारी और युवाओं की भूमिका को अहम बताया। जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम ने भी छात्राओं की चित्रकला की तारीफ की। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य शैलेष मिश्रा समेत कई अधिकारी, शिक्षक और अभिभावक मौजूद रहे।

3 अक्टूबर के आंदोलन को लेकर किसानों ने कसी कमर



दैनिक रेवांचल टाइम्स, मंडला। आगामी 3 अक्टूबर को प्रस्तावित आंदोलन को लेकर शनिवार को सरदार पटेल भवन, बिंझिया मंडला में आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करते हुए आंदोलन को लेकर आवश्यक निर्णय लिए गए। वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखते हुए किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने और आगामी आंदोलन को प्रभावी बनाने की बात कही। बैठक में प्रमुख रूप से धान का समर्थन मूल्य ?3500 प्रति क्विंटल किए जाने की मांग उठाई गई। साथ ही किसानों ने भावांतर योजना बंद करने, खाद, बीज, कीटनाशक एवं कृषि दवाओं के बढ़ते दामों में कमी करने तथा कृषि यंत्रों पर पर्याप्त सब्सिडी दिए जाने की मांग रखी।

महंगाई पर नियंत्रण और जर्जर स्कूलों के निर्माण की मांग

बैठक में किसानों की समस्याओं के साथ आम जनता से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा हुई। बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण किए जाने तथा जिले में जर्जर हो चुके शासकीय स्कूल भवनों का निर्माण और आवश्यक सुधार कार्य कराने की मांग उठाई गई। वक्ताओं का कहना था कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा व्यवस्था से जुड़े बुनियादी ढांचे पर भी गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता है।

ओबीसी जनगणना का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा

बैठक में ओबीसी वर्ग की जनगणना कराए जाने की मांग पर भी विस्तार से चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि ओबीसी वर्ग की जनसंख्या से संबंधित आंकड़ों को सामने लाने के लिए जातिगत जनगणना की आवश्यकता है। इसी क्रम में बैठक में अप्रैल 2027 में ओबीसी दिवस

सरदार पटेल भवन में हुई बैठक में धान का समर्थन मूल्य 3500 करने

भावांतर योजना बंद करने और खाद-बीज के दाम घटाने समेत कई मुद्दों पर बनी रणनीति

मनाने को लेकर भी चर्चा की गई।

3 अक्टूबर के आंदोलन में उठेंगे प्रमुख मुद्दे

बैठक में तय किए गए मुद्दों में धान का समर्थन मूल्य 3500 प्रति क्विंटल, भावांतर योजना बंद करना, खाद-बीज एवं कीटनाशकों के दाम कम करना, कृषि यंत्रों पर पर्याप्त सब्सिडी, महंगाई पर नियंत्रण, जर्जर स्कूलों का निर्माण तथा ओबीसी जनगणना प्रमुख रूप से शामिल रहे। बैठक में मौजूद वक्ताओं ने कहा कि इन मांगों को लेकर 3 अक्टूबर के आंदोलन में किसानों और आमजन की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाएगा। बैठक के दौरान आगामी कार्यक्रम को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया।

मंडला में नर्मदा खतरे के निशान के ऊपर,छोटा पुल डूबा : 24 घंटे में 3.32 इंच बारिश



दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला। मंडला में लगातार बारिश के चलते नर्मदा नदी का जलस्तर बढ़कर खतरे के निशान के ऊपर पहुंच गया है। शुक्रवार दोपहर 12 बजे नदी का जलस्तर 437.96 मीटर दर्ज किया गया। बढ़ते पानी के कारण नर्मदा पर बना छोटा पुल भी डूब गया।

24 घंटे में 3.32 इंच बारिश हुई- जिले में बीते 24 घंटे में औसतन 3.32 इंच बारिश दर्ज की गई। दिनभर बादल छाए रहे और रुक-रुककर बारिश होती रही। इससे नदी-नालों में भी पानी बढ़ गया।

नदी किनारे सुरक्षा टीमें तैनात- बढ़ते जलस्तर को देखते हुए प्रशासन ने अलर्ट जारी किया है। पुलिस, एसडीईआरएफ और होमगार्ड के जवानों को नदी किनारे और जलभराव वाले क्षेत्रों में तैनात किया गया है। सुरक्षा टीमें संवेदनशील इलाकों पर नजर रख रही हैं। **26 सितंबर तक 50.46 इंच बारिश-** भू-संसाधन विभाग के मुताबिक, 1 जून से 26 सितंबर तक मंडला में औसतन 50.46 इंच बारिश हुई है। मौसम विभाग ने 29 सितंबर तक बारिश जारी रहने का अनुमान जताया है। प्रशासन ने निचले इलाकों में रहने वाले लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।



स्वामी,प्रकाशक, मुद्रक, मुकेश श्रीवास द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन जबलपुर 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं सिविल लाईन जवाहर वार्ड मंडला से प्रकाशित। प्रधान संपादक-मुकेश श्रीवास, सिविल लाईन, जवाहर वार्ड मंडला । मो. 9406771592, संपादक - प्रहलाद उइके
RNI. Reg. No MPHIN/2016/69877 (समाचार पत्र के लिये पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार) (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार मंडला) Email:- revanchaltimes@gmail.com web-revanchaltimes.in